ज्ञानामृत

सन्यास हृदय की एक दशा का नाम है, किसी ऊपरी नियम या वेशभूषा का नहीं।

▶▶ श्रीमद् भगवद्गीता

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

[illegible] से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

रायपुर, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2026





"बस्तर की यह नई पहचान आने वाली पीढ़ियों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत बनेगी। यह क्षेत्र अब शांति, प्रगति और गौरव की राह पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

## हम कृतज्ञ हैं......

माँ दंतेश्वरी और जनजातीय नायक वीर गुण्डाधुर की यह धरती छत्तीसगढ़ 31 मार्च 2026 को माओवादी आतंक से मुक्त हुई है। हिंसक माओवादी विचारधारा ने न जाने कितनी माँओं की कोख उजाड़ दी, बहनों का सुहाग और मासूमों के सिर से पिता का साया छीन लिया। देश के लिए लड़ते हुए हजारों जवान शहीद हुए। दशकों से सशस्त्र माओवाद देश के विकास को खोखला करता रहा, वर्ष 2014 में आपके आशीर्वाद से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार आई और दृढ़ संकल्प तथा सुनियोजित रणनीति के माध्यम से माओवादी हिंसा पर कठोर प्रहार किया गया। अनेक राज्य सशस्त्र माओवाद से मुक्त हुए लेकिन हमारी छत्तीसगढ़ महतारी और हमारे पड़ोसी राज्यों में यह नासूर बचा हुआ था। आपने पुनः आशीर्वाद दिया और राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाई। पिछले ढाई सालों में आपकी सरकार ने सामूहिक संकल्प के बल पर इस सशस्त्र माओवादी नासूर को नष्ट कर दिया।

हम कृतज्ञ हैं उन शहीद जवानों के प्रति, जिन्होंने अपने प्राणों की आहूति देकर देश को माओवाद से मुक्ति दिलाई। हम कृतज्ञ है हमारे सुरक्षा बल के जवानों के प्रति, जिन्होंने साहस और संकल्प के साथ अपनी जान पर खेलकर माओवाद की जड़ पर कड़ा प्रहार करके उसका समूल नाश किया।



हम कृतज्ञ हैं बस्तर की जनता का, जिन्होंने माओवादी हिंसा को न केवल अस्वीकार किया अपितु उसके विरोध में खड़े हुए। मुझे आपका जज्बा याद आता है जब सशस्त्र माओवादियों द्वारा वोट देने पर ऊंगली काट देने की धमकी दी जाती थी, तब भी आप निर्भय होकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करते थे। आपके मतदान से एक ऐसा नेतृत्व आया जिसने एक दशक के भीतर आंतरिक सुरक्षा के इस सबसे बड़े संकट को समाप्त कर दिया।

हम कृतज्ञ हैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साहसपूर्ण नेतृत्व के प्रति। मुझे याद है वर्ष 2015 में दंतेवाड़ा में उन्होंने अपनी सभा में हथियार उठाने वाले युवाओं से कहा था 'एक प्रयोग कीजिए, पांच दिन हथियार रख दीजिए, उस परिवार के बच्चे के साथ दिन गुजारिए जिसने आपकी वजह से अपने परिजनों को खोया है फिर आप कभी हिंसा के रास्ते में नहीं जाएंगे।'

प्रधानमंत्री जी ने हमेशा हमारा हौसला बढ़ाया, मार्गदर्शन किया है। उनके दृढ़ संकल्प की बदौलत देश माओवादी हिंसा से मुक्त हुआ है। हिमालय जैसी चुनौतियों से निपटने के उनके साहस ने हमें उत्साह से भर दिया और हमने यह असंभव जैसा लक्ष्य प्राप्त किया।

हम कृतज्ञ हैं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के , जो माओवादी नासूर को नष्ट करने के लिए बनायी गई रणनीति के शिल्पी हैं। रायपुर में पत्रकारों की भरी सभा में आपने देश से वायदा किया था कि 31 मार्च 2026 तक माओवाद को समाप्त करेंगे और इसे पूरा किया। आपने माओवादी आतंक को नष्ट करने के लक्ष्य पर नजर टिकाए रखी। हमारा नेतृत्व किया, संसाधन और मार्गदर्शन दिया। हमारे बहादुर जवानों के बीच पहुंचकर उनका हौसला बढ़ाया। आपने गोली का जवाब गोली से और बोली का जवाब बोली से देने का संदेश दिया। माओवादी हिंसा को छोड़कर जो शांति की राह पर लौटे, संविधान को अपनाया, उनका हमने स्वागत किया।

हम कृतज्ञ हैं प्रदेश की जनता के प्रति जो इस सुंदर धरती को सशस्त्र माओवाद से मुक्त कराने के रास्ते में सहभागी बनी, आपने हम पर विश्वास किया। विश्वास कीमती होता है, हमने इसकी रक्षा की है। बस्तर में बच्चे अब निर्भय होकर स्कूल जाएंगे, माताएं-बहनें आजादी की सांस लेंगी और हर तरफ विकास का उजाला फैलेगा।

अब कहीं रेड कॉरिडोर नहीं, हर तरफ ग्रीन कॉरिडोर है।
एक सुखद उज्ज्वल भविष्य की राह पर हम सब सहभागी बन अब आगे बढ़ेंगे।

**जय भारत, जय छत्तीसगढ़**



आपका **विष्णु देव साय** मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

S-47391/111

## संक्षिप्त समाचार

### हनुमान जन्मोत्सव पर आर्ट ऑफ लिविंग ने किया शरबत वितरण



**विजय मत/बागबाहरा ।** कल हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिर समिति वार्ड नंबर 45 के द्वारा बागबाहरा नगर में झांकी के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें शामिल समस्त हनुमान भक्तों एवं नगर वासियों को आर्ट ऑफ लिविंग परिवार बागबाहरा द्वारा पुराने बस स्टैंड में शरबत वितरण कर सभी का स्वागत किया गया। शरबत वितरण के इस कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार बागबाहरा के सर्वश्री नंदकुमार ध्रुवंशी , राजेंद्र बाजपेयी, जय कृष्णा (बबलू ) सोनी, चिंतन राज पनुरिया, विकास अग्रवाल, सुरेश मोहंती, सुभाष वर्मा, अविनेश कोषे, बुटी भाई ध्रुवंशी, राजेश यादव, कृष्णा चंद्राकर, प्रहलाद मानिकपुरी, धनराज साहू ,डॉ राजेश कर , अनुराग द्विवेदी, रामकुमार साहू , राहुल (कृष्ण) श्रीवास्तव, विवेक जैन, मेघराज साहू , वेदांश वर्मा, चंद्र शेखर चंद्राकर, अशोक देवांगन, रामकली सोनवानी, सुमन साहू, रामवती पटेल , बेबी अलंकर्ता वर्मा, बेबी निहारिका मोहंती, बेबी गुनगुन ,मा शिखर, मां कतांश वर्मा, शिव नायक, डिगेशवर मरकाम,आदि शामिल रहे।

### अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 7 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**विजय मत/धमतरी।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में विकासखंड कुरूद के ग्राम पंचायत चारभाटा (नारी) से प्राप्त शिकायत के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरूद द्वारा त्वरित संज्ञान लिया गया। उनके निर्देश पर शुक्रवार को सुबह राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा औचक एवं सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान 07 ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना वैध अनुमति के अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए गए। सभी वाहनों को मौके पर ही जब्त कर कृषि उपज मंडी कुरूद की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। संबंधित प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर (खनिज शाखा) को प्रेषित कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, जिससे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ राजस्व की हानि को रोका जा सके। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि, अवैध खनिज परिवहन पर जिला प्रशासन की शून्य सहिष्णुता की नीति है। सभी संबंधित विभागों को सतत निगरानी एवं कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### भारतीय मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों का दंतेवाड़ा विधायक ने केसरिया गमछा से किया स्वागत



**विजय मत/किरंदुल।** विश्व की सबसे बड़ी श्रम संघ भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल की रीति-नीति से प्रभावित होकर अन्य यूनियन की सदस्यता का त्याग करके खदान मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण करने वाले नए सदस्यों को दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी के कर कमलों से केसरिया गमछा द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया तथा केंद्र सरकार द्वारा लागू किये गए नए लेबर कोड के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए भारतीय खदान मजदूर संघ को मजबूती प्रदान करने एवं व्यापक सदस्यता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। अवगत हो कि दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी के किरंदुल प्रवास के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा, मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, महामंत्री विक्रम नाहक के साथ खदान मजदूर संघ के यूनियन कार्यालय का दौरा किया गया तथा समस्त आनुषांगिक संगठनों को और भी अधिक सशक्त बनाने हेतु आवश्यक रणनीति तैयार की गई तथा विधायक एवं वरिष्ठ नेताओं द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया।इस दौरान खदान मजदूर संघ की नवीन सदस्यता ग्रहण करने वाले कर्मचारी साथियों में से उपस्थित साथी लक्ष्मीनाथ पोयाम एवं धर्मेंद्र सिन्हा का विधायक द्वारा स्वागत किया गया।

# श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी प्रांगण बड़गांव में हनुमान जयंती मनाई

## मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, दिखा भक्तिमय माहौल , भव्य भंडारा महाप्रसाद का भी हुआ आयोजन

**विजय मत/बालोद**

जिले के डौंडीलोहारा ब्लाक समीपस्थ ग्राम बड़गांव में स्थित श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। चैत्र शुक्ल पूर्णिमा तिथि पर आयोजित इस पर्व में भक्तों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना, सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ किया। यह दिन भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान जी के जन्म और शक्ति-भक्ति के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

ज्ञात हो कि यहां 31 मार्च से विद्वान पंडितों के द्वारा 02 अप्रैल हनुमान जयंती के दिवस तक सुन्दर कांड का पाठ किया जा रहा था। हनुमान जयंती के दिन प्रातः ग्राम भ्रमण हेतु सर्वप्रथम मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें ग्रामवासियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सके पश्चात मन्दिर में हनुमान जी की पूजा अर्चना, व यज्ञ हवन के साथ महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मन्दिर प्रांगण में आहुतियां देते हुए भक्तों ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

**रामायण का हुआ आयोजन**

इस अवसर पर श्री नवदुर्गा रामायण समिति आमगांव के राकेश सिन्हा जी द्वारा भजन एवं मानस कार्यक्रम का भी आयोजन मंदिर परिसर में किया गया। साथ ही साथ श्रद्धालुओं के सहयोग भव्य भंडारा महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया जिसमें देर रात्रि तक हजारों भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर संचालक युगल किशोर साहू ने कहा कि हनुमान जयंती का दिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण के संकल्प का दिन है। हनुमान जी के इस प्राचीन मन्दिर में वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है , आज हम सामूहिक हवन के माध्यम से विश्व कल्याण की प्रार्थना करते हैं। मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष नेमसिंह साहू ने कहा कि श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान जी के दर्शन कर सच्चे मन से पूजा करने वाले प्रत्येक हनुमान भक्त की मन्नतें पूरी होती हैं। वे जल्दी प्रसन्न होने वाले देवता हैं इसलिए सच्चे मन से दर्शन, उनकी विधि-विधान से पूजा करने से जीवन की सभी बाधाएं, दुख और कष्टों पर विजय प्राप्त होती है और धन-सपंदा में भी लाभ होता है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी अष्टसिद्धि और नव निधि के दाता है, हनुमान जी को बजरंग बली, अंजनी सुत, केसरी नंदन, पवन पुत्र, मारुति नंदन,संकटमोचन नामों से भी पुकारा जाता है।



**दक्षिण मुखी होने की वजह से बढ़ जाती है मंदिर की विशेषता**

आम्र बगीचा में मुख्य मार्ग से लगा हुआ में प्राचीन श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। यहां हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा स्थापित है। इसके साथ ही दक्षिणमुखी होना इस मंदिर के महात्म्य को और बढ़ा देता है, क्योंकि हनुमान जी ने भगवान श्रीराम के सारे काज दक्षिण दिशा में जाकर ही संवारे थे। उन्होंने सीता माता की खोज दक्षिण दिशा में जाकर की और फिर लंका का दहन भी इसी दिशा में किया। इसलिए दक्षिण मुखी होने की वजह से इस मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और ज्यादा प्रगाढ़ हो जाती है, क्योंकि हिदू धर्म में ज्यादातर मंदिर उत्तर और पूर्व दिशा के ही होते हैं ।

प्राचीन श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के सफल आयोजन पर मंदिर विकास समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सुरेश बढ़ई, डोमेंद्र राजपूत, युगल साहू, नेमसिंह साहू, बीएल पटेल ,बिसुन मराठे , इगनाथ पटेल, बीपी दुबे, डीआर साहू,अशोक टंडन, संत सहारे, वैभव साहू, योगेंद्र तिवारी, अशोक पटेल, विनोद पटेल, सुरेन्द्र कोटेंद्र , रेखलाल भोसले, प्रेमचंद सेन, गिरधर यदु, आशीष दुबे, लोमन सेन, मुकेश देशमुख, रतन भोंसले, चंद्रभान मराठे,सुरेश साहू, गोपी यादव, जय मसिया आदि ने समस्त श्रद्धालु एवं दानदाताओं आभार व्यक्त किया है ।

### नगम की बजट बैठक 9 अप्रैल को

**राजनांदगांव।** नगर पालिक निगम की बजट बैठक 9 अप्रैल 2026 गुरूवार को अपरान्ह 11:00 बजे नगर निगम टाउन हाल सभागृह में आहूत की गई है। बैठक में पुनरीक्षित आय-व्यय वर्ष 2025-26 एवं प्रस्तावित आय-व्यय बजट वित्तीय वर्ष 2026-27 के स्वीकृति के संबंध में विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जायेगा। बजट बैठक के संबंध में निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने बताया कि अपरान्ह 12:00 बजे से बैठक प्रारंभ होगी। बैठक में महापौर मधुसूदन यादव अपने कार्यकाल का शहर विकास के लिये द्वितीय बजट पेश करेंगे, बैठक के प्रारंभ में बजट प्रतिवेदन का पठन किया जायेगा। पठन उपरांत चर्चा पश्चात निर्णय लिया जावेगा। उन्होनें महापौर सहित निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों,पार्षदों, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि व पत्रकारों एवं अधिकारियों कर्मचारियों से उपस्थिति की अपील की है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को मिला एंबुलेंस सुविधा

## बीमार मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में मिलेगी राहत

**विजय मत/लवन**

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने 31 मार्च 2026 को 370 नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लवन को एक नई एम्बुलेंस सुविधा मिली है, जिससे क्षेत्र के मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लवन में लम्बे समय से एम्बुलेंस की समस्या बनी हुई थी। पहले यह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दूसरे जगह की एम्बुलेंस पर निर्भर थी। अब लवन अस्पताल को एम्बुलेंस सुविधा मिल जाने से मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में काफी दिक्कतो का सामना करना नही पड़ेगा। कई बार आपात स्थिति में समय पर वाहन नहीं मिलने पर स्थिति गंभीर हो जाती थी। अब लवन अस्पताल को एंबुलेंस मिलने से अब दुर्घटनाग्रस्त गंभीर मरीजों को समय पर जिला अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा।





जिससे ईलाज में देरी नहीं होगी और जान बचाने की संभावनाए बढेगी। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ सेवाएं निरंतर सुदृढ़ हो रही है और पिछले दो वर्षो में स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आया है। जनता का भरोसा सरकारी अस्पतालों पर बढा है, जहा समय पर उपचार मिल रहा है। बीएमओ डॉ. नवदीप बांधे ने बताया कि नई एंबुलेंस मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन चिकित्सा सहायता तेजी से उपलब्ध होगी। 15-20 मीनट के भीतर एंबुलेंस उपलब्ध हो जाएगी और नवजात शिशुओं और गंभीर मरीजो को समय पर उच्च स्वास्थय केन्द्रो तक पहुंचाकर मृत्यु दर को कम करना है। नई एंबुलेंस से गर्भवती महिलाओं को डिलवरी के लिए घर से सरकारी अस्पताल लाना, वापस घर छोड़ना, घायल को लाना रेफर करने की स्थिति सरकारी अस्पताल से दूसरे सरकारी अस्पताल ले जाना, बीमार शिशुओं को ले जाना जैसे अनेको सुविधा मिलेगी। वही, सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत लवन अस्पताल में भर्ती मरीजों को बेबी कीट, प्रोटीन पाउडर, साबुन कपडा, मच्छरदानी वगैरह दिया गया। इस मौके पर बीएमओ डॉ. नवदीप बांधे, डॉ. हेमु बंजारे, स्टोर इंजचार्ज रोशन मानिकपुरी, सुचिता लकड़ा, सुमन थवाईत, एम जॉन, जोध प्रकाश जायसवाल, एम्बुलेंस चालक दीनू, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नरेन्द्र , पार्षद मृत्युजंय पाण्डेय, भारत भूषण साहू, नंद कुमार वर्मा, गेंदलाल सेन, अजय ताम्रकार, पंकज अग्रवाल, योगेश साहू, राधेश्याम उर्फ कुल्लू रात्रे अन्य लोग मौजुद रहे।



### ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

**विजय मत/सिमगा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के द्वारा कांग्रेस सृजन अभियान के तहत पंचायत बूथ कमेटी गठन हेतु जिला प्रभारी कन्हैया अग्रवाल ,जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ,प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी एवं ब्लॉक प्रभारी उमा अनंत के आतिथ्य में बैठक संपन्न हुई जिसके अंतर्गत बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई । बैठक मे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया,वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुबेर यदु , विवेक अग्रवाल, भागवत सोनकर , अभिनव यदु , चंदू साहू ,डॉ कृष्ण कुमार नायक , दीनबंधु शर्मा , मो अय्यूब , मोहन गायकवाड़ , सोनू भोंसले ,विष्णु कोसले ,कुंजराम साहू , देवेंद्र जैन, गोलू साहू ,मांधाता साहू , अशोक देवांगन , हीरालाल साहू , भिखारी गहरे , श्याम देवांगन , शेष साहू, कान्हा यदु, अत भट्ट, हेमलाल साहू, लोमन घृतलहरे,मो याकूब, परदेशी सोनकर , कोमल टंडन ,यश शर्मा, विक्की मानिकपुरी,विक्की पांडे, गुड्डू जैन, कृष्णा कुंजाम,हितेश साहू, लक्की लहरे,दाऊ यदु, मोहन यदु, झाडू साहू, लल्लू पाटकर, धनसिंघ साहू, दिनेश साहू,एवं भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# कुम्हारी में हनुमान भक्तों ने निकाली विशाल शोभायात्रा हनुमानजी की झांकी बना आकर्षण का केंद्र

## अखाड़ा समिति ने करतब दिखाकर मोहा मन, भक्तों ने शक्ति साहस के लिए मांगें आशीर्वाद

**विजय मत/कुम्हारी**

गुरुवार को कुम्हारी में श्री हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा निकाला गया, यह शोभायात्रा श्री राम लिंगेश्वर मंदिर वार्ड क्रमांक 18 से स्टेशन चौक होते हुए कांजी हाउस स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंची जहां भक्तों द्वारा श्री हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना की गई वहीं भक्तों द्वारा श्री राम प्रभु के भक्त हनुमानजी जी से जीवन में कष्ट क्लेश दूर करने, शरीर मे शक्ति साहस, सफलता हासिल करने के लिए सच्ची श्रद्धा से आशीर्वाद मांगें गए।

बता दे कि इस अवसर पर बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद कुम्हारी प्रखंड द्वारा भव्य शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की झांकी हनुमान जी की विशालकाय स्वरूप के दर्शन कराए गए। रैली में बजरंगबली के भक्तों के



जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा हर तरफ भगवा झंडे लहराने लगे वहीं बाजे-गाजे के धुनों के साथ बड़ी संख्या में हनुमान भक्त नाचने को उत्तेजित हो उठे। स्थानीय समितियों एवं नगरवासियों ने चनामूंग का प्रसाद व शरबत बांटकर स्वागत किया गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में हनुमान भक्त भगवा ध्वज लिए व भगवा वस्त्र धारण किये हुए थे जिससे नगर का माहौल भगवामय हो उठा। पूरी यात्रा के दौरान भक्तों के जय जय राम जय श्रीराम जय हनुमान के जयघोष नारों से नगर गूंज उठा। पूरी यात्रा के दौरान श्रीराम लक्ष्मण व हनुमानजी की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा यही नही शोभायात्रा में लोक कला सुआ नृत्य समिति की बहनों ने व लोक अखाड़ा एवं करतब दल के साथियों ने अपने नृत्य व करतबों से भक्तों व दर्शकों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर मंदिर समितियों द्वारा भोग भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने देर रात

# बजरंग बली के जयकारों से गूंजा श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर

## ■सचिन गुप्ता के भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर किया मजबूर

**विजय मत/रायपुर**

श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर चौबे कालोनी में गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह से श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की। प्रातः श्री बजरंग बली का अभिषेक, पूजा-अर्चना व प्रसाद वितरण किया गया। पूरे मंदिर परिसर जय श्री राम और बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। पूरे मंदिर परिसर को कोलकाता के मशहूर कलाकारों द्वारा आकर्षक फूलों से सजाया गया।

संध्या 5.30 बजे भजन



प्रवाहक सचिन गुप्ता एण्ड पार्टी द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजनों की प्रस्तुति दी गई। एक से बढ़कर एक सुंदर भजन प्रस्तुत किए। दुनिया चले ना श्रीराम के बिना, हे महावीर करो कल्याण, पवन सुख विनती, श्रीराम जानकी बैठे है मेरे सीने में, वीर हनुमाना अति बलवाना, हे मतवाला मेरा रखवाला, जय जय जय बजरंग बली जैसे दर्जनों भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। संगीतमय चौपाईयों के जरिए विस्तार से सुंदरकांड पाठ का वर्णन किया।

फूलों की वर्षा एवं बधाई उत्सव के साथ हनुमान जी की झांकी भी प्रस्तुत गई। संध्या 8 बजे एक साथ 1000 से अधिक लोगों ने संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। रात्रि 8.30 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक दीपक नरेश केडिया ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में श्री हनुमंत सेवा समिति के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

उल्लेखनीय रहे की श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर में विगत 4 वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को संध्या 7.30 बजे से संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जाता है जिसमें लगभग 600 लोग उपस्थित रहते है। पूरा परिसर जय श्री हनुमान, जय श्री राम के नारों से गूंजता है।

# नारी शक्ति की पहचान-संकल्प की गारंटी को हकीकत में बदला - विधायक भावना ने

## रायपुर में बना पंडरिया सेवा सदन मरीजों के परिजनों को मिलेगी निःशुल्क ठहरने व भोजन की सुविधा

**विजय मत/कवर्धा**

किसी भी जनप्रतिनिधि की असली पहचान केवल विकास कार्यों से नहीं, बल्कि उस संवेदनशीलता से होती है जिसके साथ वह अपने क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में सहभागी बनता है।

पंडरिया विधानसभा में इसी भावना को साकार करते हुए विधायक भावना बोहरा द्वारा पंडरिया सेवा सदन की शुरुआत एक ऐसे जनहितकारी प्रयास के रूप में सामने आई है, जो न केवल सुविधा प्रदान करता है, बल्कि मानवीय संवेदना का प्रतीक है। पंडरिया विधानसभा से बड़ी संख्या में मरीज बेहतर उपचार के लिए राजधानी रायपुर का रुख करते हैं। लेकिन इस दौरान उनके साथ आने वाले परिजनों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अस्पतालों के आसपास महंगे ठहरने के विकल्प, भोजन की व्यवस्था और दैनिक जरूरतों को पूरा करना, ये सभी समस्याएं पहले से ही परेशान परिवारों के लिए एक अतिरिक्त बोझ बन जाती थीं। ऐसे समय में आर्थिक दबाव के साथ-साथ मानसिक तनाव भी बढ़ जाता है।

इन्हीं चुनौतियों को समझते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भावना दीदी की गारंटी में किए अपने संकल्प को दोहराते हुए राजधानी रायपुर के सेक्टर-2 में



पंडरिया सेवा सदन जनता को समर्पित किया। यह पहल इस सोच का परिणाम है कि पंडरिया विधानसभा से रायपुर में इलाज के लिए आए किसी भी परिवार को अपने रहने और भोजन की चिंता न करनी पड़े, बल्कि वे पूरी तरह से अपने मरीज के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित कर सकें। इस सेवा का लाभ लेने के लिए मोबाइल नम्बर पर 7747892000 एवं 7747992000 पर संपर्क कर सकते हैं।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण और पंडरिया विधानसभा कमरे परिवारजनों की सेवा के प्रति अपने संकल्प की एक और कड़ी को पूरा करने का विशेष दिन है। भावना दीदी की गारंटी में हमने जनता की सेवा हेतु यह संकल्प किया था और आज उसे पूर्ण होता देख मेरे लिए गर्व और गौरव का विषय है इसके लिए मैं पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ, यह संकल्प आप सभी के विश्वास, सहयोग और मार्गदर्शन से सिद्धि तक पहुंचा है। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर सेक्टर-2 में स्थित यह सेवा सदन पूर्णतः निःशुल्क सुविधा प्रदान करता है। यहां ठहरने के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित कमरे, शुद्ध एवं सात्विक भोजन, स्नान और शौचालय की समुचित व्यवस्था, पर्याप्त जल आपूर्ति, प्रकाश और रात्रि विश्राम के लिए बिस्तर जैसी सभी आवश्यक व रोजमर्रा से जुड़ीं सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह स्थान केवल एक आश्रय स्थल नहीं, बल्कि उन परिवारों के लिए एक भरोसेमंद सहारा है, जो अपने प्रियजनों के उपचार के लिए घर से दूर आते हैं।

पंडरिया सेवा सदन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल भौतिक सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मरीजों के परिजनों को मानसिक शांति और भावनात्मक संबल भी प्रदान करेगा। जब किसी कठिन परिस्थिति में व्यक्ति को सहारा मिलता है, तो वह अपने संघर्ष को अधिक मजबूती से लड़ पाता है।

यही इस सेवा सदन का मूल उद्देश्य जनता के साथ हर सुख-दुःख में साथ खड़े रहना, उनके कष्ट को कम करना और उन्हें यह एहसास दिलाना कि वे अकेले नहीं हैं।

ज्ञानामृत
यदि हमारे विचार सकारात्मक होंगे तो सब कुछ सकारात्मक हो जायेगा।
हंसराज सुज्ञ

राष्ट्र को समर्पित
# विजय मत
छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, शनिवार, 4 अप्रैल 2026 | वर्ष- 09 | अंक- 94 | पेज- 08 | मूल्य- ₹1.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### हवाई किराया बढ़ाया तो सरकार दखल देगी, मीटिंग जल्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी एटीएफ की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के बाद कई एयरलाइंस ने फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया है। इससे यात्रियों पर बढ़ते बोझ को देखते हुए केंद्र सरकार अब इस मामले में हस्तक्षेप करने



की तैयारी में है। एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार जल्द ही एयरलाइंस के साथ मीटिंग कर सकती है ताकि आम लोगों को महंगे सफर से राहत मिल सके। सरकार ने अभी तक कोई लिखित निर्देश तो जारी नहीं किया है, लेकिन एयरलाइंस से उनकी प्राइसिंग स्ट्रैटेजी को लेकर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यात्री किरायों में बढ़ोतरी न हो। एटीएफ की कीमतों में हाल ही में सोझ समझकर बढ़ोतरी की गई थी।

### फ्लाइट में 60% सीटें मुफ्त देने के फैसले पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने एयरलाइंस को फ्लाइट में 60% सीटें बिना अतिरिक्त शुल्क के चुनने देने वाले निर्देश को अस्थायी रूप से रोक दिया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह नियम 20



अप्रैल से लागू होना था, लेकिन अब इसे अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 15 दिन पहले 18 मार्च को कहा था कि डीजीसीए को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी फ्लाइट में सीट चयन के लिए न्यूनतम 60% सीटें बिना चार्ज उपलब्ध कराई जाएं। इसका उद्देश्य यात्रियों को सीट चुनने में समान अवसर देना बताया गया था। मंत्रालय के अनुसार, इस मुद्दे की समीक्षा के दौरान फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस की ओर से आपत्तियां भेजी गईं।

### सज्जादानशीन वक्फ में धार्मिक प्रमुख, मुतवल्ली सिर्फ प्रशासक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में स्पष्ट किया है कि "सज्जादानशीन" और "मुतवल्ली" के पद एक समान नहीं हैं। अदालत ने कहा कि सज्जादानशीन वक्फ का आध्यात्मिक प्रमुख होता है



और उसकी नियुक्ति पूरी तरह धार्मिक विषय है, जबकि मुतवल्ली की भूमिका केवल प्रशासन और प्रबंधन तक सीमित रहती है। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और विपुल एम पंचोली की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि सज्जादानशीन का पद आमतौर पर वंशानुगत होता है और संस्थापक को अपने उत्तराधिकारी को नियुक्त करने का अधिकार होता है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वक्फ अधिनियम के तहत नियुक्त सज्जादानशीन, मुतवल्ली का कार्य भी संभाल सकते हैं, लेकिन मुतवल्ली को सज्जादानशीन का अधिकार नहीं दिया जा सकता।

### पश्चिम बंगाल में मालदा हिंसा का मुख्य आरोपी अरेस्ट

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मालदा में एसआईआर से जुड़े न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में मुख्य आरोपी समेत 35 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के 48 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपी मोफक्करुल



इस्लाम को बागडोगरा एयरपोर्ट से पकड़ा। वह बेंगलुरु भागने की फिराक में था। इस्लाम कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील है। वह 2011 में एआईएमआईएम का उम्मीदवार रह चुका है। मोफक्करुल पर आरोप है कि मालदा के सुजापुर में 1 अप्रैल को एसआईआर में नाम कटने के विरोध प्रदर्शन में भड़काऊ भाषण दिया। इससे लोग भड़क गए और हजारों लोगों ने कलियाचक के बीडीओ ऑफिस को घेर लिया। दो गेट बंद कर दिए गए, जिससे 7 न्यायिक अधिकारी 9 घंटे ऑफिस के अंदर बंधक रहे।

# आदिवासी प्रतिभाओं ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया : सीएम साय

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का भव्य समापन, बॉक्सर मेरीकॉम और फुटबॉलर भूटिया हुए शामिल

**विजय मत, रायपुर**



पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का समापन समारोह उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बीते 10 दिनों में छत्तीसगढ़ की धरती पर जो जोश देखने को मिला, उसने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आदिवासी प्रतिभाओं को मंच देने और उनकी खेल क्षमता को पहचान दिलाने का ऐतिहासिक अवसर बना है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ को इस राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी का गौरव मिला। उन्होंने केंद्रीय खेल मंत्री के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि अब यह प्रतियोगिता हर वर्ष छत्तीसगढ़ में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज और खेलों का संबंध सदियों पुराना है। तीरंदाजी, दौड़ और कुश्ती जैसे खेल उनकी परंपरा का हिस्सा हैं। इस आयोजन में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों ने केवल पदक जीतने के लिए नहीं, बल्कि साहस और उत्कृष्टता की नई मिसाल पेश की है। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पदक तालिका में कर्नाटक ने पहला स्थान, ओडिशा ने दूसरा और झारखंड ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भी 19 पदक जीतकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

#### पदक विजेताओं के लिए नगद पुरस्कार की घोषणा

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए नगद पुरस्कार की घोषणा की। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक विजेताओं को 2 लाख रुपये, रजत को 1.5 लाख और कांस्य को 1 लाख रुपये देने की घोषणा की गई। वहीं टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण के लिए 1 लाख, रजत के लिए 75 हजार और कांस्य के लिए 50 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह सम्मान खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाएगा और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि ये खिलाड़ी आगे चलकर ओलंपिक और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन करेंगे।

#### छत्तीसगढ़ बनेगा जनजातीय खेलों का प्रमुख केंद्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सफल आयोजन ने छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में यह राज्य जनजातीय खेलों का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। आयोजन में 2000 से अधिक खिलाड़ियों और अधिकारियों की भागीदारी ने इसे एक बड़े राष्ट्रीय मंच का रूप दिया। राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए बेहतर आवास, भोजन और सुविधाओं की व्यवस्था की गई, जिससे उन्हें सकारात्मक अनुभव मिला। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों, कोच और आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि यह आयोजन देश की एकता, संस्कृति और खेल प्रतिभा का अद्भुत संगम साबित हुआ है।

#### आदिवासी समाज और खेल का रिश्ता सदियों पुराना है

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जनजातीय समाज में खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जीवन शैली का हिस्सा रहा है। तीरंदाजी, कुश्ती, दौड़ और पारंपरिक खेलों के माध्यम से यह समाज सदियों से अपनी शारीरिक क्षमता और कौशल को विकसित करता आया है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं में अद्भुत ऊर्जा और प्रतिभा होती है, जिन्हें उचित अवसर मिलने पर वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। यह आयोजन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसने देशभर की आदिवासी प्रतिभाओं को एक मंच पर लाकर उनकी क्षमता को सामने रखा।

### भारत-रूस संबंधों को नई गति

## रूस के उपप्रधानमंत्री मंटुरोव भारत दौरे पर, व्यापार और ऊर्जा सहयोग पर जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव दो दिवसीय भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने भारत के शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। इस दौरान भारत और रूस के बीच व्यापार, ऊर्जा, उद्योग और तकनीकी सहयोग को और मजबूत बनाने पर सहमति बनी। मंटुरोव ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक कर व्यापार, उर्वरक, कनेक्टिविटी, नवाचार और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के नए अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। दोनों पक्षों ने पिछले वर्ष हुए भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के निर्णयों की प्रगति की भी समीक्षा की। इसके अलावा मंटुरोव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर दोनों देशों के संबंधों की स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। इस बैठक में आर्थिक साझेदारी, ऊर्जा सहयोग और लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। दौरे के दौरान मंटुरोव ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी मुलाकात की। इस दौरान पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष समेत वैश्विक हालातों पर भी चर्चा हुई।

#### व्यापार और तकनीक सहयोग पर विशेष जोर

भारत और रूस के बीच हुई वार्ता में व्यापार, उद्योग, ऊर्जा और उर्वरक क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके साथ ही तकनीक, नवाचार और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में नए अवसरों की तलाश पर भी चर्चा हुई। दोनों देशों ने आपसी साझेदारी को और व्यापक बनाने तथा वैश्विक चुनौतियों के बीच सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### केरल चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं को संदेश

## संजू सैमसन से सीखें मुश्किल वक्त में वापसी करना : पीएम नरेंद्र मोदी

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**



केरल विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए भारतीय क्रिकेटर संजू सैमसन का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में मजबूत वापसी कैसे की जाती है, यह सैमसन से सीखा जा सकता है। शुक्रवार को कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने टी20 विश्व कप 2026 में सैमसन के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि आलोचनाओं के बावजूद खुद पर भरोसा बनाए रखना और सही समय पर सर्वश्रेष्ठ देना ही असली खिलाड़ी की पहचान है। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे भी चुनाव में इसी आत्मविश्वास और जज्बे के साथ जुटें। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, घर-घर संपर्क अभियान तेज करने और हर कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### राहुल गांधी बनाम कार्तिकेय मामला हाईकोर्ट पहुंचा, मानहानि केस में समन को चुनौती


**विजय मत, ब्यूरो जबलपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय चौहान के बीच चल रहा मानहानि विवाद अब मध्यप्रदेश हाईकोर्ट पहुंच गया है। राहुल गांधी ने भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा जारी समन को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। यह मामला वर्ष 2018 का है, जब राहुल गांधी ने झाबुआ की एक चुनावी सभा में पनामा पेपर लीक का जिक्र करते हुए शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे पर आरोप लगाए थे।

### ईरान का अमेरिकी पायलट को हिरासत में लेने से इनकार, कहा-

## एफ-35 फाइटर जेट गिराया, पूरे इलाके में अमेरिकी ठिकाने तबाह करने की धमकी

**तेल अवीव/वॉशिंगटन, एजेंसी**

ईरान ने दावा किया है कि उसने शुक्रवार को एक अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट गिरा दिया है। हालांकि उसके पायलट को हिरासत में लेने की खबरों से इनकार कर दिया। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि इस जेट का पायलट ईरान की हिरासत में है। रिपोर्ट के मुताबिक, विमान गिरने से पहले पायलट ने कूदकर अपनी



जान बचाई और वह ईरान के अंदर ही कहीं उतरा। अपने पायलट को ढूंढने के लिए अमेरिकी सेना ने कोहगिलुयेह और बोयेर-अहमद जिले में सर्च ऑपरेशन चलाया।

#### हम अकेले जिसने होर्मुज में नाविक खोए: भारत

ब्रिटेन की पहल पर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए गुरुवार को एक ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें 60 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए। बैठक में विक्रम मिसरी ने कहा कि होर्मुज संकट में अब तक सिर्फ भारत के ही नागरिक मारे गए हैं।

## अरिदमन पनडुब्बी नौसेना में शामिल, भारत की समुद्री शक्ति हुई मजबूत

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**



भारत की रक्षा क्षमता को मजबूती देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित नौसेना कार्यक्रम में स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी 'अरिदमन' को भारतीय नौसेना में शामिल किया। बैलिस्टिक प्रक्षेपास्त्रों से लैस यह देश की तीसरी परमाणु पनडुब्बी है, जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा और परमाणु प्रतिरोधक क्षमता में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी हुई है। कार्यक्रम से पहले रक्षा मंत्री ने अपने सामाजिक माध्यम पर कहा ÷शब्द नहीं, शक्ति है 'अरिदमन'। यह पनडुब्बी पानी के भीतर लगभग 44 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चल सकती है और इसका पता लगाना कठिन माना जाता है। इसमें के-15 और के-4 जैसे घातक प्रक्षेपास्त्र लगाए गए हैं।

## एनसीईआरटी को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा 6 संस्थान बने स्वायत्त शैक्षणिक इकाइयां

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद को मानित विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान कर दिया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सिफारिश पर 30 जनवरी को इसकी अधिसूचना



जारी की। इस निर्णय के बाद परिषद के अंतर्गत संचालित छह प्रमुख संस्थान अब मानित विश्वविद्यालय के रूप में कार्य करेंगे। इनमें अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूर और शिलांग स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान शामिल हैं। इसके साथ ही भोपाल स्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान को भी यह दर्जा दिया गया है। मानित विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने के बाद इन संस्थानों को शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में अधिक स्वायत्तता प्राप्त होगी। अब ये संस्थान अपने पाठ्यक्रम तैयार कर सकेंगे, शोध कार्य को बढ़ावा दे सकेंगे और नई शैक्षणिक पहल शुरू कर सकेंगे। सरकार का मानना है कि इस फैसले से शिक्षक शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही यह कदम देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

## ईरान से जंग के बीच ट्रंप बोले- तेल पर कब्जा कर कमाएंगे मुनाफा

### बस कुछ समय और फिर खुल जाएगा होर्मुज

**वॉशिंगटन, एजेंसी**



पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के दबाव में झुकने के तैयार नहीं है। इसी बीच उनका एक बड़ा बयान सामने आया। ट्रंप ने कहा है कि अगर थोड़ा और समय मिला तो अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोल सकता है और वहां से तेल लेकर बड़ा मुनाफा कमा सकता है। उनके इस बयान ने पहले से चल रहे संघर्ष को और संवेदनशील बना दिया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिका के पास इतनी क्षमता है कि वह होर्मुज को खोलकर तेल आपूर्ति को फिर से चालू कर सकता है। फिलहाल ईरान ने इस अहम समुद्री रास्ते को बंद कर दिया है।

**विजय मत एंकर**

### नई शिक्षा नीति के तहत बड़ा बदलाव, 2026-27 से नए पाठ्यक्रम की घोषणा

## सीबीएसई में तीन-भाषा व्यवस्था और दो-स्तरीय परीक्षा प्रणाली लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम में महत्वपूर्ण बदलाव लागू करने की घोषणा की है। इसके तहत कक्षा 6 से तीन-भाषा व्यवस्था अनिवार्य की जाएगी, जबकि कक्षा 9 से गणित और विज्ञान विषयों में दो-स्तरीय परीक्षा प्रणाली लागू होगी। बोर्ड के अनुसार इन बदलावों का उद्देश्य विद्यार्थियों की समझ, विश्लेषण क्षमता और बहुभाषी दक्षता को मजबूत करना है। नई भाषा व्यवस्था में विद्यार्थियों को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी, जिनमें से कम से कम दो भारतीय भाषाएं अनिवार्य होंगी। भाषाओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय भाषा के रूप में व्यवस्थित किया गया है। हालांकि विदेश से लौटने वाले विद्यार्थियों को विशेष परिस्थितियों में छूट दी जा सकती है, लेकिन उन्हें विषयों की कुल संख्या पूरी करनी होगी। गणित और विज्ञान में दो-स्तरीय व्यवस्था लागू होगी, जिसमें सामान्य और उन्नत स्तर शामिल होंगे। सभी विद्यार्थियों के लिए सामान्य स्तर अनिवार्य रहेगा, जबकि उन्नत स्तर वैकल्पिक होगा। यह नई प्रणाली 2026-27 से कक्षा 9 में लागू होगी और इसी बैच के लिए 2028 में कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा नए स्वरूप में आयोजित की जाएगी।

#### तीन-भाषा व्यवस्था: कक्षा 6 से अनिवार्य तीसरी भाषा

नई व्यवस्था के तहत कक्षा 6 से विद्यार्थियों को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी, जिनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होंगी। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की भाषाई विविधता से जोड़ना और उनकी संचार क्षमता को मजबूत करना है। इससे विद्यार्थियों में सांस्कृतिक समझ भी विकसित होगी और वे विभिन्न भाषाओं में दक्ष बन सकेंगे।

#### कक्षा 9 में गणित-विज्ञान का दो-स्तरीय सिस्टम

कक्षा 9 से गणित और विज्ञान विषयों में दो स्तर लागू किए जाएंगे। सामान्य स्तर की परीक्षा 80 अंकों की होगी और सभी के लिए अनिवार्य रहेगी। उन्नत स्तर 25 अंकों का होगा, जो विद्यार्थियों की गहरी समझ और विश्लेषण क्षमता को परखेगा। यह विकल्प उन विद्यार्थियों के लिए होगा जो विषय में अधिक दक्षता प्राप्त करना चाहते हैं।


#### उन्नत परीक्षा के अंक ऐसे होंगे दर्ज

बोर्ड के अनुसार उन्नत स्तर की परीक्षा के अंक कुल परिणाम में नहीं जोड़े जाएंगे। हालांकि यदि कोई विद्यार्थी इसमें 50 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करता है, तो इसे उसकी अंकसूची में अलग से दर्ज किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों की अतिरिक्त योग्यता को मान्यता मिलेगी और उन्हें आगे की पढ़ाई में लाभ मिलेगा

### अमेरिका-चीन तकनीकी टकराव तेज

## चीन की चिप तकनीक पर रोक के लिए अमेरिकी संसद में 'मैच एक्ट' पेश

**वॉशिंगटन, एजेंसी**




वैश्विक सेमीकंडक्टर और तकनीकी वर्चस्व की दौड़ के बीच अमेरिका ने चीन पर दबाव बढ़ाने के लिए 'मैच एक्ट' नामक नया विधेयक पेश किया है। इस कानून का उद्देश्य चीन और अन्य प्रतिद्वंद्वी देशों को उन्नत चिप निर्माण तकनीक तक पहुंचने से रोकना है। अमेरिकी सांसदों का मानना है कि मौजूदा निर्यात नियंत्रण व्यवस्था में कई खामियां हैं, जिनका फायदा उठाकर चीन तकनीक हासिल कर रहा है। प्रस्तावित कानून के तहत अमेरिका अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर एक समान निर्यात नियंत्रण नीति लागू करना चाहता है, ताकि तकनीक के हस्तांतरण पर सख्ती से रोक लगाई जा सके। इस कदम का सीधा असर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और तकनीकी बाजार पर पड़ने की संभावना है। अमेरिकी सांसदों ने कहा है कि सेमीकंडक्टर तकनीक अब केवल उद्योग का हिस्सा नहीं, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण हो चुकी है। ऐसे में इसे सुरक्षित रखना राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम हिस्सा बन गया है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# विवाह संस्था और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच नई खाई

मोहन योगी

आधुनिकता के संक्रमणकालीन दौर में सबसे अधिक यदि कोई संस्था प्रश्नों के घेरे में है, तो वह विवाह और रिश्तों की पारंपरिक अवधारणा है। बदलती जीवनशैली, आर्थिक आत्मनिर्भरता, तकनीक, वैश्वीकरण और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती चेतना ने रिश्तों की परिभाषा, अपेक्षाएँ और संरचना-सब कुछ बदल दिया है। यही कारण है कि आज रिश्तों से जुड़े प्रश्न केवल सामाजिक विमर्श का विषय नहीं रहे, बल्कि अदालतों तक पहुँच रहे हैं। हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दो फैसलों ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और विवाह संस्था के बीच उत्पन्न हो रही नाजुक खाई को उजागर किया है। एक निर्णय में न्यायालय ने कहा कि वयस्कों के बीच आपसी सहमति से बना लिव-इन रिलेशनशिप, भले ही एक साथी विवाहित हो, अपराध नहीं है; वहीं दूसरे मामले में न्यायालय ने ऐसे ही एक जोड़े को संरक्षण देने से इनकार कर दिया और कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर पति या पत्नी के कानूनी अधिकारों को कमजोर नहीं किया जा सकता। यह विरोधाभास वास्तव में न्यायिक असंगति से अधिक एक कानूनी रिक्तता और सामाजिक संक्रमण का संकेत है। वास्तव में एक हकीकत यह भी है कि भारतीय समाज में वैवाहिक अधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाने वाले एक प्रभावी ढांचे की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जाती रही है। हमें मौजूदा परिदृश्य में यह बात स्वीकार करनी होगी कि यद्यपि विवाह संस्था संरक्षण की हकदार है, फिर भी पुरुष या स्त्री की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को अनिश्चित काल तक इसके अधीन बंधक बनाकर नहीं रखा जा सकता है।

निश्चित ही भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है और इसी के दायरे में न्यायालयों ने समय-समय पर लिव-इन रिलेशनशिप को अपराध की श्रेणी से बाहर माना है। लेकिन दूसरी ओर, भारतीय कानून विवाह को एक कानूनी और सामाजिक संस्था के रूप में सर्वोच्च प्राथमिकता देता है, जिसमें अधिकार और दायित्व दोनों शामिल हैं। यही वह बिंदु है जहाँ व्यक्तिगत स्वतंत्रता और वैवाहिक अधिकारों के बीच टकराव उत्पन्न होता है। न्यायालय लिव-इन संबंधों को अपराध नहीं मानता, परंतु उनके सभी परिणामों को वैध मानने में संकोच करता है। यह स्थिति न केवल कानूनी भ्रम उत्पन्न करती है, बल्कि सामाजिक असुरक्षा भी पैदा करती है। वास्तव में समस्या न्यायिक निर्णयों की नहीं, बल्कि स्पष्ट विधायी ढाँचे की कमी की है। यदि व्यापक सामाजिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय समाज इस समय एक बड़े संक्रमणकाल से गुजर रहा है। एक ओर सदियों से स्थापित पारंपरिक जीवन मूल्य हैं, जिनमें विवाह केवल एक अनुबंध नहीं बल्कि एक संस्कार, सामाजिक स्वीकृति और पारिवारिक व्यवस्था का आधार है; दूसरी ओर आधुनिक जीवन की वास्तविकता है, जहाँ व्यक्ति की स्वतंत्रता, आत्म-विकास, करियर, आर्थिक स्वायत्तता और व्यक्तिगत संतुष्टि को भी समान महत्व दिया जा रहा है। विशेष रूप से महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता ने रिश्तों की शक्ति-संतुलन व्यवस्था को बदल दिया है। अब रिश्ते केवल सामाजिक दबाव से नहीं, बल्कि आपसी समझ और संतुष्टि के



आधार पर टिके रहते हैं। परिणामस्वरूप, रिश्तों की स्थायित्व की अवधारणा बदल रही है और प्रतिबद्धता अब आजीवन वचन से अधिक एक निरंतर पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया बनती जा रही है।

पिछली पीढ़ियों में विवाह जीवन का अनिवार्य चरण माना जाता था। हमारे माता-पिता और दादा-दादी के लिए विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध था और जीवन भर साथ निभाना ही उसका लक्ष्य था। लेकिन आधुनिक पीढ़ी रिश्तों को अलग दृष्टि से देख रही है। आज के युवा पहले शिक्षा, करियर और आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता देते हैं, उसके बाद रिश्तों के बारे में निर्णय लेते हैं। कुछ लोग विवाह से पहले साथ रहने का विकल्प चुनते हैं, कुछ रिश्तों को नाम देने से भी बचते हैं और कुछ लोग विवाह के बजाय साझेदारी को अधिक उपयुक्त मानते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि आधुनिक पीढ़ी रिश्तों को महत्व नहीं देती, बल्कि इसका अर्थ यह है कि वे रिश्तों में स्वतंत्रता, सम्मान, संवाद और समानता को अधिक महत्व देते हैं। रिश्तों में सबसे बड़ा परिवर्तन लिंग भूमिकाओं के बदलाव से भी आया है। पहले पुरुष कमाने वाला और महिला घर संभालने वाली मानी जाती थी, लेकिन आज दोनों काम करते हैं, दोनों निर्णय लेते हैं और दोनों भावनात्मक सहयोग चाहते हैं। आधुनिक रिश्तों में समानता, खुलकर संवाद और साझा जिम्मेदारियों पर जोर है। हालांकि पुरुष और महिलाओं की अपेक्षाएँ पूरी तरह समान नहीं होतीं-अक्सर महिलाएँ भावनात्मक सहयोग और संवाद को अधिक महत्व देती हैं, जबकि पुरुष स्वतंत्रता और बौद्धिक जुड़ाव को महत्वपूर्ण मानते हैं लेकिन इन अंतरों को समझकर ही मजबूत रिश्ते बनाए जा सकते हैं।

आज आत्म-प्रेम और आत्म-देखभाल को स्वार्थ नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार माना जाने लगा है। तकनीक और सोशल मीडिया ने भी रिश्तों की प्रकृति को गहराई से प्रभावित किया है। सोशल मीडिया ने लोगों को जोड़ने का काम किया है, लेकिन इसके साथ तुलना की संस्कृति भी बढ़ी है। अब लोग अपने रिश्तों की तुलना दूसरों की ऑनलाइन तस्वीरों और पोस्ट से करने लगे हैं, जिससे असंतोष व्यापत है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

> आज रिश्तों से जुड़े प्रश्न केवल सामाजिक विमर्श का विषय नहीं रहे, बल्कि अदालतों तक पहुँच रहे हैं। हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दो फैसलों ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और विवाह संस्था के बीच उत्पन्न हो रही नाजुक खाई को उजागर किया है। एक निर्णय में न्यायालय ने कहा कि वयस्कों के बीच आपसी सहमति से बना लिव-इन रिलेशनशिप, भले ही एक साथी विवाहित हो, अपराध नहीं है; वहीं दूसरे मामले में न्यायालय ने ऐसे ही एक जोड़े को संरक्षण देने से इनकार कर दिया और कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर पति या प%ी के कानूनी अधिकारों को कमजोर नहीं किया जा सकता। यह विरोधाभास वास्तव में न्यायिक असंगति से अधिक एक कानूनी रिक्तता और सामाजिक संर मण का संकेत है।

## ईरान का भीषण प्रहार और इज़रायल की अग्निपरीक्षा

आज मध्य-पूर्व के तपते और बारूद की गंध से भरे रेगिस्तान में इतिहास की सबसे खतरनाक पटकथा लिखी जा रही है और दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ अमेरिका जैसी महाशक्ति की हेकड़ी ईरान के फौलादी इरादों के सामने पस्त पड़ती दिखाई दे रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जो व्हाइट हाउस की कुर्सी संभालते ही ईरान को पत्थर युग में भेजने की गर्जना कर रहे थे, आज उसी ईरान की अभूतपूर्व सैन्य दृढ़ता और अचूक मिसाइल तकनीक के सामने खुद को बुरी तरह फंसा हुआ पा रहे हैं। ट्रंप का हालिया और चौंकाने वाला बयान, जिसमें उन्होंने अगले 2 से 3 हफ्तों के भीतर ईरान से अपनी सेना को बाहर निकालने की बात कही है, दरअसल कोई सोची-समझी कूटनीतिक जीत नहीं बल्कि एक हारी हुई बाजी से सुरक्षित निकलने की छटपटाहट है क्योंकि अमेरिका की वैश्विक दादागिरी अब ईरान के आत्मसम्मान और उसकी मज़बूत सैन्य घेराबंदी के सामने धराशायी हो चुकी है।

ट्रंप जो खुद को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ डील मेकर कहते थे, आज ईरान की शर्तों के सामने बेबस और लाचार नज़र आ रहे हैं और उनकी शांति की बात दरअसल उनकी अपनी सैन्य विफलता और रणनीतिक हार को छिपाने का एक पारदर्शी पर्दा मात्र है।वे भली-भांति जानते हैं कि अगर वे अब इस युद्ध के मैदान से बाहर नहीं निकले, तो अमेरिका को एक ऐसे क्षेत्रीय महायुद्ध का सामना करना पड़ेगा जिसकी तबाही की आंच सीधे वाशिंगटन की दहलीज तक पहुँचेगी, क्योंकि ईरान ने साफ़ कर दिया है कि मध्य-पूर्व अब अमेरिका की जागीर नहीं है। ईरान का पक्ष आज इस संघर्ष में एक अजेय विजेता की तरह उभरा है जिसने पूरी दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि वह अब केवल रक्षात्मक मुद्रा में नहीं रहेगा बल्कि आक्रामक रक्षा की नीति अपनाते हुए दुश्मन को उसके घर में घुसकर तबाह करेगा। हाल ही में तेल अवीव की अभेद्य कही जाने वाली सुरक्षा दीवारों को भेदती ईरानी मिसाइलों और जॉर्डन स्थित अमेरिकी अड्डों पर हुए अचूक हमलों ने यह साबित कर दिया है कि ईरान की सैन्य शक्ति को कम आंकना ट्रंप की सबसे बड़ी ऐतिहासिक भूल थी।

**सूचना**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं। अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

## निरंतर सीखना, क्षमता-आधारित शासन और कर्मयोगी दृष्टि

विनोद सिंह

बदलते वैश्विक परिदृश्य, तीव्र तकनीकी विकास और नागरिक अपेक्षाओं के विस्तार के इस दौर में शासन की प्रकृति भी तेजी से परिवर्तित हो रही है।ऐसे समय में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत प्रारंभ 'कर्मयोगी साधना सप्ताह' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था के व्यापक रूपांतरण का सशक्त संकेत है। यह पहल नागरिक देवो भव÷ की भावना को केंद्र में रखते हुए सेवा, संवेदना और दक्षता के नए मानक स्थापित करती है—जो सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ÷विकसित भारत 2047÷ के स्वप्न से जुड़ी हुई है।नई दिल्ली स्थित डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित यह सप्ताह मिशन कर्मयोगी के पाँच वर्ष पूर्ण होने का भी प्रतीक है।यह वह पड़ाव है जहाँ उपलब्धियों का मूल्यांकन करते हुए भविष्य की दिशा तय की जा रही है।इस पहल का उद्देश्य केवल कौशल विकास नहीं, बल्कि एक ऐसी सिविल सेवा का निर्माण करना है,जो सक्षम, उत्तरदायी,पारदर्शी और पूर्णतः नागरिक-केंद्रित हो।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित विकसित भारत 2047 केवल आर्थिक प्रगति का लक्ष्य नहीं, बल्कि एक समग्र राष्ट्रीय दृष्टि है।यह एक ऐसे भारत की कल्पना करता है जो आत्मनिर्भर,समावेशी, तकनीकी रूप से अग्रणी और सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण हो। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि शासन व्यवस्था भी उसी अनुरूप विकसित हो - जहाँ निर्णय त्वरित हों, सेवाएँ सुलभ हों और नागरिकों का विश्वास सर्वोपरि हो।इसी संदर्भ में प्रधान मंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा का यह कथन अत्यंत महत्वपूर्ण है कि भविष्य की सिविल सेवा के लिए निरंतर सीखना अनिवार्य है।अब प्रशिक्षण एक बार का औपचारिक चरण नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया बन चुका है-जहाँ अधिकारी ÷कहीं भी,कभी भी सीख सकते हैं। iGOT जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म इस परिवर्तन को गति दे रहे हैं,जो लाखों कर्मियों को ज्ञान और कौशल से जोड़ रहे हैं।डॉ. मिश्रा ने शासन के नियम- आधारित ढाँचे से भूमिका-आधारित मॉडल की ओर संक्रमण को भी रेखांकित किया।यह बदलाव विकसित भारत की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह प्रशासन को अधिक लचीला,परिणामोन्मुख और नवाचार-प्रधान बनाता है। अब केवल नियमों के पालनकर्ता नहीं, बल्कि परिवर्तन के वाहक और समाधाना बन रहे हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

# अब तक युद्ध कोई नहीं जाती



संजय गोस्वामी

> तेहरान ने मरी हुई लड़कियों की फ़ोटो जारी की हैं। उनके दुखी माता-पिता के वीडियो और फ़ोटो मीडिया और सोशल मीडिया पर शेयर किए गए, लेकिन हममें से कितने लोगों ने उन्हें देखने की परवाह की, ईरान पर अमेरिका-इज़राइल की बमबारी में एक महीने से ज़्यादा समय से, ईरान के शहर मिनाब में 170 से ज़्यादा लड़कियों और टीचरों के अलावा, कई लोग मारे गए हैं। 24 मार्च को, दर्जनों औरतें रोम की सड़कों पर हाथ में हाथ डाले, नंगे पैर मार्च कर रही थीं। ये गाज़ा और इज़राइल की माँएँ थीं। उनके बच्चे या रिश्तेदार हमास की हिंसा और इज़राइल द्वारा लिए गए बदले के शिकार हुए थे। उनका मैसेज ज़ोरदार और साफ़ था इज़राइल और गाज़ा दोनों के रहने वाले खुद को आदम और हव्वा की औलाद मानते हैं, और उन्हें बस शांति चाहिए। यह मार्च उन लोगों के लिए एक सबक था जो सोचते हैं कि हर इज़राइली गाज़ा को जला देना चाहता है।

अमेरिका- इज़राइल और ईरान युद्ध युद्ध जिस पर दुनिया भर के मीडिया का ध्यान है। सारे चैनल युद्ध पर और खबर जो दिखाई जा रही है उससे शांति नष्ट हो गई है – युद्ध ने इंसानियत के मतलब पर हज़ारों बातचीत शुरू कर दी होती। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मीडिया ने इसे नज़रअंदाज़ करना चुना, जिससे हमें हैरानी हुई कि क्या हमने अपने आस-पास एक अंधा और असंवेदनशील सोशल बबल बना लिया है। ईरान पर अमेरिका-इज़राइल की बमबारी में एक महीने से ज़्यादा समय से, ईरान के शहर मिनाब में 170 से ज़्यादा लड़कियों और टीचरों के अलावा, कई लोग मारे गए हैं। तेहरान ने मरी हुई लड़कियों की फ़ोटो जारी की हैं। उनके दुखी माता-पिता के वीडियो और फ़ोटो मीडिया और सोशल मीडिया पर शेयर किए गए, लेकिन हममें से कितने लोगों ने उन्हें देखने की परवाह की, ईरान पर अमेरिका-इज़राइल की बमबारी में एक महीने से ज़्यादा समय से, ईरान के शहर मिनाब में 170 से ज़्यादा लड़कियों और टीचरों के अलावा, कई लोग मारे गए हैं। 24 मार्च को, दर्जनों औरतें रोम की सड़कों पर हाथ में हाथ डाले, नंगे पैर मार्च कर रही थीं। ये गाज़ा और इज़राइल की माँएँ थीं। उनके बच्चे या रिश्तेदार हमास की हिंसा और इज़राइल द्वारा लिए गए बदले के शिकार हुए थे। उनका मैसेज ज़ोरदार और साफ़ था-इज़राइल और गाज़ा दोनों के रहने वाले खुद को आदम और हव्वा की औलाद मानते हैं, और उन्हें बस शांति चाहिए। यह मार्च उन लोगों के लिए एक सबक था जो सोचते हैं कि हर इज़राइली गाज़ा को जला देना चाहता है। ये औरतें 25 मार्च को पोप लियो से मिलीं। पोप पहले ही शांति की अपील कर चुके थे। लेकिन क्या उन्होंने इन मांओं के कहने पर अमेरिका या यूरोप से बात की? तब से उनके रिएक्शन की कोई खबर नहीं है।

इस युद्ध मेंअमेरिकी सेना, उपकरण और मध्य देश में बेस भी में खो देता हैऔर फिर कहा कि मैं असलऔर ट्रम्प ने देश से कहा युद्ध मेंअमेरिकी जीत गया हैलेकिन वास्तव में, कोई नहीं जीता है,ईरान देश को अब शांति से आपसी तालमेल से इसे खत्म करना चाहिएक्योंकि अमेरिका का युद्ध का इतिहास दूसरे विश्व युद्ध में 1945में अंत में हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम गिराने तक का है।द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम दिनों में, 6 और 9 अगस्त 1945 को संयुक्त राज्य अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर दो परमाणु बम गिराए। इन हवाई बमबारी में 150,000 से 246,000 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकांश नागरिक थे। ये परमाणु हथियारों का सशस्त्र संघर्ष में पहला और एकमात्र प्रयोग था। हम बौनों के ज़माने में जी रहे हैं, लीडर्स के नहीं। वर्ल्ड वॉर द्वद्व से पहले और उसके ठीक बाद दुनिया ने महात्मा गांधी, मार्टिन लूथर किंग और नेल्सन मंडेला जैसे बड़े लोगों को देखा, जिनके कामों, अपीलों और दलीलों का बहुत वज़न था और दुनिया भर में उनकी गूंज सुनाई दी। उन्होंने अपनी जागृति से दुनिया को जगाए रखा और ज़िंदा रखा। उनसे प्रेरित होकर, आम लोगों ने अन्याय के खिलाफ़ मिलकर आवाज़ उठाई। 8 जून, 1972 की बात है। वियतनाम के ट्रांग बांग इलाके में बच्चे अमेरिका के सपोर्ट वाले हमलों से बचने के लिए अपनी सुरक्षा के लिए भाग रहे थे। नौ साल की किम फुक, वियतनाम में युद्ध से हुए भयानक हालात का उदाहरण बन गई, जब उसकी पीठ पर नेपाम के हमले में जलने के बाद, वह बिल्कुल नंगी दौड़ती हुई मारी गई। युद्ध का परिणाम हमेशा विनाशकारी होता है, जिसमें जान-माल की भारी हानि, आर्थिक मंदी, बुनियादी ढांचे का विनाश और गहरा मानवीय संकट शामिल है। यह न केवल देशों की सीमाओं को बदलता है और राजनीतिक स्थिरता को बाधित करता है, बल्कि पीढ़ियों तक मनोवैज्ञानिक आघात और सामाजिक उथल-पुथल भी छोड़ता है। युद्ध के प्रमुख परिणामों को इन बिंदुओं में समझा जा सकता है।

### जन-धन की हानि हुई

युद्ध में सैनिकों और नागरिकों की भारी मृत्यु होती है, साथ ही संपत्ति, घरों और शहरों का विनाश होता है। आर्थिक मंदी और संकट- युद्धों के कारण व्यापार बाधित होता है, मुद्रास्फीति (महंगाई) बढ़ती है और देशों पर भारी कर्ज का बोझ पड़ता है। ऊर्जा और भोजन की आपूर्ति श्रृंखला टूट जाती है। राजनीतिक और भौगोलिक परिवर्तन- युद्ध के परिणामस्वरूप सरकारें गिर सकती हैं, नए राष्ट्र बन सकते हैं और अंतरराष्ट्रीय संबंध बदल जाते हैं (जैसे, प्रथम विश्व युद्ध के बाद साम्राज्यों का अंत)। शरणार्थी और विस्थापन- युद्ध के कारण लाखों लोग बेघर हो जाते हैं और शरणार्थी बनकर दूसरे देशों में जाने को मजबूर होते हैं। दीर्घकालिक मनोवैज्ञानिक आघात- युद्ध न केवल शारीरिक घाव देता है, बल्कि सैनिकों और नागरिकों में पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं छोड़ जाता है। पर्यावरणीय क्षति- विस्फोटों और हथियारों के उपयोग से भूमि, जल और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचता है। भगवान राम और रावण के युद्ध में भगवान राम का संदेश धर्म, न्याय और करुणा की स्थापना करना था, न कि केवल विनाश। उन्होंने रावण को सुधारने का अंतिम अवसर (शांति प्रस्ताव) दिया, जो दर्शाता है कि युद्ध अंतिम विकल्प होना चाहिए। उनका मुख्य संदेश अधर्म पर धर्म की विजय और युद्ध में भी मर्यादा व नीति का पालन करना था। युद्ध में भगवान राम के संदेश के मुख्य बिंदु- धर्म और न्याय की सर्वोच्चता- राम का युद्ध व्यक्तिगत प्रतिशोध के लिए नहीं, बल्कि धर्म की रक्षा के लिए था। शांति का प्रयास- उन्होंने अंगद को शांति प्रस्ताव के साथ भेजा, यह स्पष्ट करने के लिए कि युद्ध से पहले हर संभव समाधान तलाशा जाना चाहिए। मर्यादा और नैतिकता- युद्ध के दौरान भी, उन्होंने नियमों का पालन किया और पराजित या निहत्थे शत्रु पर प्रहार न करने जैसी मर्यादाओं का पालन किया। समावेशिता- उन्होंने वनवासियों, वानरों और सभी जातियों को साथ लेकर यह संदेश दिया कि न्यायपूर्ण उद्देश्य के लिए एकता आवश्यक है। शत्रु के प्रति सम्मान- रावण के वध के बाद, राम ने विभीषण से कहा कि शत्रु के मरणोपरांत बैर समाप्त हो जाता है और रावण को सम्मानजनक अंतिम संस्कार दिलाया। अहंकार का नाश- राम ने रावण के माध्यम से यह संदेश दिया कि अत्यधिक शक्ति और अहंकार ही विनाश का कारण बनते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8686

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | ■ | 2 | 3 | | 4 | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | | ■ | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ | 14 | |
| 15 | ■ | 16 | | | | 17 | ■ | |
| 18 | | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ |
| | ■ | 21 | | 22 | ■ | 23 | | 24 |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | 28 | |
| 29 | | | ■ | | ■ | 30 | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. आस्तिक, अनुगामी, पूजक-2
2. रख-रखाव-2,3
6. देह, बदन-2
7. कारण-3
8. तपस्या-2
9. बंदूकधारी(अंग्रेजी-3)
11. पति की बहन-3
12. प्रतिज्ञा, वचन-3
14. पिता, डैडी-2
16. मन मोहने वाला-5
18. आनंदित-2
19. लवण, खार-3
21. बख्तरबंद, आवरण-3
23. पासों से भविष्य जानना-3
25. आमिर व काजोल की फिल्म-2
27. मुलायम, कोमल-3
28. उस समय-2
29. भ्रमण, घूमना-3,
30. कोलाहल-2

**ऊपर से नीचे**

1. खतरनाक-4
2. सनम, बालम-3
3. रहने का तरीका-3,3
4. चावल-2
5. बिजली का कौंधना-5
6. कौवा, काग-2
10. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
13. मन को भाने वाला-5
15. सहयात्री-5
17. कटि-3
20. निम्न, न्यूनतम-4
22. उत्कर्ष-3
24. अधर, होठ-2
26. संबोधन-2


**शब्द पहेली - 8685 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | वि | ता | ■ | क | या | स | ■ |
| भ | ला | ■ | क | ■ | री | ■ | ही | न |
| र | ■ | म | त | ल | ब | ■ | ■ | ह |
| म | द | द | ■ | क्ष | ■ | फि | तू | र |
| ■ | ■ | भ | क्त | ■ | शी | त | ■ | ■ |
| से | हा | रा | ■ | यं | ■ | र | ज | त |
| ह | ■ | ■ | ज | हा | ल | त | ■ | मी |
| त | ल | ■ | मा | ■ | की | ■ | आ | ज |
| ■ | ब | हा | व | ■ | र | वा | ना | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

4 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.24 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृष | 08.04 बजे से |
| मंगल | मीन में | मिथुन | 10.02 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.16 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 14.32 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.44 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.54 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.09 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 23.25 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.30 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | कुंभ | 03.17 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.50 बजे से |

शनिवार 2026 वर्ष का 94 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु बसंत।
विक्रम संवत् 2083
शक संवत् 1948
मास चैत्र पक्ष शुक्ल
तिथि द्वितीया 10.10 बजे को समाप्त।
नक्षत्र स्वाती 21.36 बजे को समाप्त।
योग हर्षण 14.17 बजे को समाप्त।
करण गर 10.10 बजे तदनन्तर वणिज 23.02 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 15.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 05° 37'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872669
जूलियन दिन 2461134.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना सव्वाल
तारीख 15

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## सार समाचार



### नक्सलगढ़ रहे लखापाल में अब विकास का उजाला, हर घर पहुंचा नल जल

**विजय मत/सुकमा।** कभी नक्सल भय और पेयजल संकट से जूझता सुकमा जिले का दूरस्थ ग्राम लखापाल आज विकास की नई कहानी लिख रहा है। वर्षों तक जहां ग्रामीणों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता था, वहीं अब हर घर में नल से शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। यह बदलाव केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन और छत्तीसगढ़ शासन की नियद नेल्लानार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और कलेक्टर श्री अमित कुमार के मार्गदर्शन में कोंटा विकासखंड के घोर नक्सल प्रभावित ग्राम लखापाल में विकास की वह रोशनी पहुंची है, जिसकी यहां वर्षों से प्रतीक्षा थी।जिला मुख्यालय सुकमा से लगभग 88 किलोमीटर दूर स्थित लखापाल गांव लंबे समय तक नक्सल समस्या और पेयजल संकट की दोहरी मार झेलता रहा। गांव के 117 परिवार पानी के लिए बोरिंग, कुएं और एक छोटे नाले पर निर्भर थे।

### थाना डोंगरगांव की अवैध शराब पर रेड कार्यवाही लगातार जारी

**विजय मत/ डोंगरगांव।** की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि, दो व्यक्ति अपने वाहन मोटर सायकल हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 08 एएफ 3499 मे अवैध रूप से अधिक मात्रा



मे शराब रखकर करियाटोला शराब भट्ठी की ओर से परिवाहन करते ग्राम कोहका की ओर जाने की तैयारी कर रहे है। अवैध शराब बिक्री पर सख्ती से अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा, के द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री/परिवहन पर कडी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। श्रीमान अति पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर व नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती मंजूलता बाज के मार्गदर्शन में सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार एवं निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबीर द्वारा बताये व्यक्ति की पतासाजी करते हुये व्यक्ति को चिन्हांकित कर पूछताछ करने पर अपना नाम रोतेंद्र कुमार पिता प्रीतराम श्रीवास एवं विक्रम ठाकुर पिता नन्दकुमार ठाकुर दोनो निवासी मानिकपुर, थाना डोंगरगांव का होना बताया।

# सर्वाधिक दिव्यांगजनों को रोजगार देने के मामले में कबीरधाम प्रदेश में प्रथम स्थान पर

## महात्मा गांधी नरेगा योजना के अलग-अलग पैरामीटर्स पर जिले ने हासिल की कई उपलब्धियां

विजय मत/कवर्धा

मानिकदास मानिकपुरी

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना का बेहतर क्रियान्वयन कर कई उपलब्धियां हासिल करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले ने ग्रामीणों को सर्वाधिक मानव दिवस का रोजगार देने, सर्वाधिक परिवारों को रोजगार, सर्वाधिक दिव्यांग जनों को रोजगार देने सहित अनेको पैरामीटर पर कई उपलब्धियां अपने नाम की। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा लगातार विभागीय समीक्षाओं के दौरान शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने प्रोत्साहित किया जाता रहा है। और आज इसी का परिणाम है कि कबीरधाम जिले ने मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में एक बार फिर अपना नाम प्रथम पंक्ति में स्थापित किया है।

### लगातार प्रयास के मिले सुखद नतीजे- कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा

कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए निरंतर समीक्षा की गई। ग्राम पंचायतो की मांग पर बहुत से निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए और कार्य प्रारंभ कर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक बड़ी मात्रा में





निर्माण कार्य चल रहे हैं। समय पर मजदूरी भुगतान हो यह सुनिश्चित किया गया। वर्तमान में ग्रामीणों के लिए पर्याप्त मात्रा में रोजगार उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11 हजार 466 परिवारों को 100 दिवस का रोजगार मिला है और वे आर्थिक रूप से लाभान्वित हुए है।हमारा सतत प्रयास है कि मनरेगा योजना से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित किया जाए। जल संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन एवं आजीविका जैसे प्रमुख घटकों के क्षेत्र में योजना से पर्याप्त कार्य हो रहे है।

### रोजगार के साथ आजीविका को बढ़ाना प्रमुख उद्देश्य- सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल

सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल ने बताया की ग्रामीणों के मांग पर रोजगार उपलब्ध कराना, समय पर निर्माण कार्य की स्वीकृति एवं सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो इन बातों पर विशेष ध्यान दिया। इसीलिए जिले के सभी क्षेत्रों में ग्रामीणों को पर्याप्त रोजगार मिला और हम प्रदेश में बेहतर कर पाए। आजीविका डबरी, नया तालाब निर्माण, कच्ची नाली निर्माण, पुराने तालाबों का गहरीकरण जैसे अनेक जल संरक्षण के कार्यों के साथ आजीविका के लिए कुक्कुट पालन शेड, पशुपालन शेड जैसे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया गया है। मार्च माह के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ हुए नए कार्यों से जिले की उपलब्धि और बढ़ेगी तथा हमारे ग्रामीणों को और अधिक लाभ होना अपेक्षित है।

उल्लेखनीय है महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से ग्रामीणों को बड़ी मात्रा में रोजगार का अवसर मिलता है। योजना से ग्रामीणों को रोजगार के साथ गांव में विभिन्न परिसंपत्तियों का निर्माण होता है। योजना के क्रियान्वयन में कबीरधाम जिला लगातार कई वर्षों से प्रदेश में अग्रणी बना हुआ है ग्रामीणों को इसका लाभ मिल रहा है।

## क्रूस पर कही गई सात वाणियों पर हुआ भावपूर्ण मनन, श्रद्धालुओं की आंखें हुईं नम

विजय मत/तखतपुर

गुड फ्राइडे के पावन अवसर पर तखतपुर स्थित सीएनआई चर्च में प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर कहे गए सात अंतिम वचनों (सात वाणियों) पर गहन मनन एवं प्रार्थना सभा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मसीही समाज के श्रद्धालु उपस्थित होकर प्रभु यीशु के प्रेम, त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए भाव-विभोर हो उठे।

कार्यक्रम का संचालन पादरी नवीन मसीह द्वारा सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली ढंग से किया गया।





मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभा सालोमन ने प्रभु यीशु की सातों वाणियों का गूढ़ अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि क्रूस केवल कष्ट और पीड़ा का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह असीम प्रेम, क्षमा, दया और मानवता के उद्धार का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु ने अपने अंतिम क्षणों में भी जो वचन कहे, वे आज भी प्रत्येक मनुष्य के जीवन को दिशा देने वाले हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत सातों वाणियों का क्रमबद्ध पठन एवं मनन किया गया। प्रथम वाणी का बाइबिल पठन प्रेजलिन द्वारा किया गया, जिस पर मुख्य वक्ता प्रतिभा सालोमन ने मनन प्रस्तुत किया। द्वितीय वाणी का पठन निवेदिया मसीह द्वारा तथा मनन के.मसीह द्वारा किया गया। तृतीय वाणी का पठन नीलिमा मसीह ने किया।



सक्ती जनपद पंचायत मालखरौदा के अधीनस्थ ग्राम पंचायत लिमगांव में अखंड नवधा रामायण का 32 वर्ष के सप्तम दिवस में मालखरौदा जनपद अध्यक्ष कवि वर्मा नवधा रामायण कथा श्रवण करने पहुंचे जहां उन्होंने भगवान श्री रामचंद्र जी की पूजा अर्चना व्यास पीठ की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया रवि वर्मा ने भक्तगणों को अपील करते हुए कहा नवधा रामायण कथा श्रवण आप सभी भाई बहन कर रहे हैं और अपने जीवन में भगवान राम के दिखाएं मार्ग को अपनाएं आप रामायण के एक श्लोक पर भी आप अपने जीवन को उतारे तो भवसागर से पार हो जाएंगे हर मनुष्य को अपने माता-पिता की सेवा करना चाहिए जिस प्रकार भगवान राम ने अपने माता-पिता का आज्ञा का पालन किया इसी तरह हम सभी को भी अपने माता-पिता का आदर करना चाहिए इस अवसर पर विशेष रूप से अड़भार मंडल के पूर्व मंडल

## समय-सीमा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण करें कार्य : कलेक्टर गोपाल वर्मा

विजय मत/कवर्धा

जिले के बोड़ला विकासखंड के मंगल भवन में आयोजित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं पीएम जनमन योजना सहित विभिन्न बोड़ला में संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक के



दौरान जनमन योजना, विधायक निधि, सांसद निधि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, जनपद पंचायत विकास निधि, 15वें वित्त आयोग, मुख्यमंत्री घोषणा, स्कूल शिक्षा सामग्र योजना एवं जिला खनिज न्यास के तहत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति, लागत, गुणवत्ता और समय-सीमा की विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य तय मापदंडों के अनुरूप ही पूरे किए जाएं। कलेक्टर श्री वर्मा ने विशेष रूप से जनमन आवास योजना की समीक्षा करते हुए गांव-वार प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने इंजीनियरों, आवास मित्रों एवं पंचायत सचिवों से प्रत्येक गांव के स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण हो चुके आवासों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिन हितग्राहियों के खातों में राशि जारी हो चुकी है, उनके आवास निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराए जाएं।

## मोहड़ में तीन दिवसीय शिव महापुराण का भव्य समापन : उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**विजय मत/डोंगरगांव।** समीपस्थ ग्राम मोहड़ में श्री शिव मंदिर समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के तत्वाधान में आयोजित तीन



दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का समापन हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में हुआ। 01 अप्रैल से 03 अप्रैल तक चले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान ने पूरे क्षेत्र को शिवमय कर दिया। कथा के मुख्य वाचक, छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथाकार पंडित कामता प्रसाद ने अपने विशेष %चुटिले% और सहज छत्तीसगढ़ी अंदाज में शिव महिमा का बखान किया। उनके वाचन और संकीर्तन की जुगलबंदी ने उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अंचल में पहली बार उनके इस अनोखे अंदाज को सुनने के लिए तीनों दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ते रहे।कथा के अंतिम दिन पंडित जी ने शिव लीला का विस्तार से वर्णन किया। मुख्य प्रसंगों में: समुद्र मंथन- शिव जी द्वारा विष पान की कथा। शिव-पार्वती विवाह- इस प्रसंग को छत्तीसगढ़ की स्थानीय वैवाहिक परंपरा और लोक गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।विशेष झांकी- कथा के दौरान शिव विवाह की भव्य झांकी निकाली गई, जो आकर्षण का केंद्र रही।समापन दिवस पर कथा की पूर्णाहुति के पश्चात एक विशाल भोजन भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।हम उन सभी श्रद्धालुओं के आभारी हैं जिन्होंने अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को सफल बनाया। साथ ही, उन सभी दानदाताओं का विशेष धन्यवाद जिन्होंने इस धार्मिक कार्य में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया।

## भव्य शोभायात्रा और विशाल भंडारे के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

विजय मत/रामानुजनगर

भगवान श्री हनुमान जी के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर रामानुजनगर (श्रीनगर) में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुभाष चौक स्थित हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।भंडारे के पश्चात नगर में भव्य शोभायात्रा बाइक रैली निकाली गई, जो सुभाष चौक से प्रारंभ होकर पिवरी चौक, बाजार चौक, गैस गोदाम, चांदनी चौक, जनपद कार्यालय से शिवपुर होते हुए भुवनेश्वरपुर चौक तक भ्रमण किया। शोभायात्रा में भगवान श्री राम दरबार की आकर्षक एवं जीवंत झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही हरि सत्संग सेवा समिति का सुसज्जित रथ, डीजे की धुनों और गाजे-बाजे के साथ युवाओं का



उत्साहपूर्ण सहभाग पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण का निर्माण करता रहा। रास्ते में पड़ने वाले देवस्थलों (मंदिरों) में भी श्रद्धालुओं द्वारा पूजन अर्चन किया गया।नगर भ्रमण के पश्चात यह यात्रा श्रीनगर के प्राचीन शिव मंदिर पहुंची, जहां भजन संध्या का भक्तिमय सुंदर आयोजन किया गया। स्थानीय कलाकारों एवं कथावाचक श्रीमती कांता सिंह और फुलबसिया देवी द्वारा वाद्य यंत्रों के साथ प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा।

यह संपूर्ण आयोजन 卐हिंदुत्व उत्सव आयोजन समिति, हनुमान मंदिर सेवा समिति एवं एकल अभियान卐 के तत्वाधान में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सन 2004 से शोभायात्रा उत्सव आयोजन कुछ वर्षों को छोड़कर अनवरत जारी है।कार्यक्रम को सफल बनाने में पवन सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, यादवेंद्र दुबे, संजीव गुप्ता, नंदू यादव, ब्रजेश राजवाड़े, शिवदयाल सिंह,अनूप दुबे, सुंदर साय (श्रीनगर), सुंदर सिंह,रामनारायण प्रजापति, मोहन अग्रवाल, ऋषि दुबे, बोधन प्रजापति, रामलल्लू दुबे, हेमचंद यादव, गजेन्द्र दुबे, सुमंत साहू, विनय चौरसिया,अथर्व दुबे (नमन) , शिवम दुबे (प्रांशु) , पीयूष सिंह(सरपंच), विवेक दुबे,उमेश देवांगन, कन्हैया लोधी, नारायण विश्वकर्मा, आयुष साहू, किशन सांवरे,रामकृष्ण साहू, रामानंदन सिंह(सरपंच), लहरी यादव, गणेश्वर सिंह, योजित राजवाड़े, अजय साहू, नेमचंद यादव सहित समस्त हनुमान भक्तों का तन-मन-धन से सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

## अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, तेन्दूआ के खाल के तस्कर चढ़े वन विभाग के हथे



आनन्द मिश्रा

**विजय मत/बलरामपुर।** माननीय वनमंत्री छग शासन . केदार कश्यप के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में संगठित वन अपराध की रोकथाम की सघन मुहीम चलाई जा रही है। उसी तारतम्य में वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो मध्य क्षेत्र भोपाल एवं राज्य उड़नदस्ता दल रायपुर (छ.ग.) तथा वनमण्डल बलरामपुर की संयुक्त टीम ने दिनांक 02. अप्रैल 2026 को मुखबीर के सूचना के आधार पर गस्त कर रहे थे तभी दोपहर पश्चात ग्राम जमई थाना बसंतपुर, जिला बलरामपुर रा.गंज (छ.ग.) के जमई मोड़ के पास मोटरसाईकिल वाहन में सवार 02 व्यक्तियों को संदेह के आधार पर रोककर पुछताछ एवं बैग के जांच के दौरान बैग में तेन्दूआ के खाल (चमड़ा) 01 नग पाया गया, उनसे पुछताछ के दौरान अन्य लोगों की संलिप्तता बताई गई बताये निशानादेही के आधार पर अन्य 07 व्यक्तियों को भी पकड़ा, जिनके पास से भी तेन्दूआ के खाल (चमड़ा) 01 नग जप्त किया गया।

## मुख्य अभियंता ने जिले में सड़क निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

### निर्धारित मानकों के अनुरूप समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**विजय मत/कवर्धा।** जिले में सड़क निर्माण और संधारण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर के मुख्य अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समीक्षक श्री हरिओम शर्मा ने कवर्धा जिले का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित विभिन्न मार्गों पर चल रहे कार्यों की बारीकी से समीक्षा की गई।



मुख्य अभियंता ने घुघरी-कोटार, घुघरीकला-पिपरिया, मेनरोड से पालीगुड़ा तथा टी-01 रामपुर एमडीआर से कोहडिया मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़कों के संधारण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए और उपस्थित सहायक एवं उप अभियंताओं को कार्य में तेजी लाने के लिए सख्त हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत पालीगुड़ा में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया गया। यहां कोर कटिंग सैंपल लेकर गुणवत्ता परीक्षण किया गया। साथ ही निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड निर्धारित मानकों के अनुरूप लगाने के निर्देश दिए गए।

मुख्य अभियंता ने नवापारा डांगपुर से मोहगट्टा सड़क का निरीक्षण करते हुए सड़क की खुदाई कर गुणवत्ता की जांच की, जिसमें कार्य संतोषजनक पाया गया। कुछ स्थानों पर संधारण कार्य में देरी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता ने निर्देशित किया कि जिन सड़कों का संधारण निर्धारित समय में नहीं होगा, उनकी अवधि छह माह तक बढ़ाई जाएगी, लेकिन गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को प्रगतिरत कार्यों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता सुरेन्द्र पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मनेंद्रगढ़ की बड़ी छलांग

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने किया फिजियोथेरेपी कॉलेज का भूमिपूजन

**रायपुर जाने की मजबूरी खत्म अब मनेंद्रगढ़ में तैयार होंगे डॉक्टर और फिजियोथेरेपिस्ट; इसी सत्र से शुरू होगी 50 सीटों पर पढ़ाई**

**विजय मत/एमसीबी मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मानचित्र पर मनेंद्रगढ़ अब एक चमकते सितारे के रूप में उभर रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के विजनरी नेतृत्व में क्षेत्र को स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में दोहरी सौगात मिली है। शुक्रवार को आमाखेरवा ग्राउंड में आयोजित गरिमामय समारोह में 1393.71 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नवीन फिजियोथेरेपी कॉलेज भवन का भूमिपूजन संपन्न हुआ।



बदल रही है क्षेत्र की तस्वीर- अब घर के पास ही उच्च शिक्षा

दशकों से मनेंद्रगढ़ और आसपास के छात्रों को फिजियोथेरेपी की पढ़ाई के लिए राजधानी रायपुर या बाहरी राज्यों के चक्कर काटने पड़ते थे। लेकिन अब यह सपना साकार होने जा रहा है। 50 सीटों पर प्रवेश- इसी सत्र से 50 सीटों के साथ फिजियोथेरेपी का स्नातक पाठ्यक्रम शुरू होगा।

अस्थाई संचालन- मुख्य भवन के निर्माण तक इसका संचालन सिंधी कालरी एजुकेशन सोसाइटी, झगराखांड में वैकल्पिक रूप से किया जा रहा है, जिसके लिए स्थ्रष्टरु से एमओयू भी कर लिया गया है।

रोजगार और रुझान- मेडिकल कॉलेज और फिजियोथेरेपी कॉलेज एक साथ होने से क्षेत्र के युवाओं का रुझान मेडिकल फील्ड की ओर तेजी से बढ़ेगा।

मनेंद्रगढ़ के इतिहास में यह पहली बार है जब यहाँ के विधायक को प्रदेश में स्वास्थ्य जैसे अति-महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी मिली है। राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा है कि पूर्ववर्ती सरकार के समय सरगुजा संभाग से ही स्वास्थ्य मंत्री होने के बावजूद क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा को लेकर ऐसी सक्रियता नहीं दिखी थी। श्यामबिहारी जायसवाल के मंत्री बनते ही न केवल रिक्त पदों पर नियुक्तियां हुईं, बल्कि मेडिकल कॉलेज और फिजियोथेरेपी कॉलेज जैसी परियोजनाओं ने धरातल पर आकार लेना शुरू कर दिया है।

**समारोह में दिग्गजों की मौजूदगी:** इस ऐतिहासिक अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक रेणुका सिंह मौजूद रहीं। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष चंपादेवी पावले, महापौर रामनरेश राय, सभापति संतोष सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष जानकी बाई और परसगढ़ी सरपंच बुद्धु सिंह शामिल हुए। प्रशासनिक स्तर पर एमसीबी कलेक्टर डी राहुल वेंकट और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने कार्यक्रम के सफल आयोजन और कॉलेज की आगामी रूपरेखा की जानकारी साझा की।

## पत्रकारों की महत्वपूर्ण बैठक आज

**विजय मत/डोंगरगाँव।** पत्रकारों के अंतरराष्ट्रीय संगठन आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक 4 अप्रैल को डोगरगांव में रेस्ट हाउस में 12:00 बजे रखी गई है पत्रकार संगठन आईरा के प्रदेश महासचिव विमलचंद जैन ने आईरा से जुड़े हुए सभी पत्रकारों से आग्रह किया कि इस बैठक में शामिल हो पत्रकारों से जुड़ी हुई समस्याओं पर चर्चा किया जाएगा इस बैठक में विशेष तौर पर दल्ली राजहरा क्षेत्र के पत्रकार शामिल होंगे संगठन के संगठन सचिव नीलेश श्रीवास्तव ने बताया कि आईरा संगठन द्वारा अब तक किया गए कार्य पर चर्चा होगी साथ ही भविष्य की रणनीति पर विचार किया जाएगा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत वर्मा सहित प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप शुक्ला प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनिल मिश्रा जिला अध्यक्ष धनंजय गोस्वामी अनूप सोनी संतोष सहारे सहित अनेक पदाधिकारी इस बैठक में शामिल होंगे

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से नहीं चलेगा समझौता

कवर्धा जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में बोड़ला विकासखंड के ग्राम खडोदखुर्द, दलदली और तरेगांव पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों का बारीकी से जायजा लिया।ग्राम खडोदखुर्द में मंडी बोर्ड द्वारा निर्मित सड़क तथा तरेगांव दलदली क्षेत्र में मेन रोड दुर्जनपुर-इंदिरापानी से घाटमुंडा और मेन रोड से धारपथरा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाए गए सड़कों की गुणवत्ता जांचने कलेक्टर स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने निर्माण स्थल पर उपस्थित अधिकारियों एवं तकनीकी अमले से कार्य की प्रगति और गुणवत्ता के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने सड़क की गुणवत्ता की जांच के लिए मशीन के माध्यम से कोर कटिंग कराई। इसके जरिए सड़क की मोटाई और निर्माण में उपयोग किए गए मटेरियल की मजबूती का परीक्षण किया गया। जांच में सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पाया गया। वही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बन रहे सड़कों का गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में कहीं भी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता नहीं चलेगा। उन्होंने विशेष रूप से दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में बनने वाली सड़कों की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह ग्रामीणों के आवागमन और विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और समय-समय पर तकनीकी परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री आर बी देवांगन, अधीक्षक भू अभिलेख श्री गजेंद्र साहू, जनपद सीईओ बोड़ला श्री आकाश राजपूत, तहसीलदार श्री हुलेश्वर पटेल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सीज की जा चुकी पोकलेन मशीन से रेत का अवैध खनन!

- *विभागीय संरक्षण में रेत माफियाओं के हौसले आसमान पर*

**विक्रम कौशल**

**विजय मत/बकावंड।** रेत माफियाओं पर सख्ती के सरकारी दावों के बीच बस्तर की बेलगांव ग्राम पंचायत से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां माइनिंग विभाग द्वारा सीज की गई पोकलेन मशीन पर रेत माफियाओं ने फिर से कब्जा कर लिया है और इसी मशीन से उन्होंने फिर रेत का अवैध खनन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि खनिज विभाग के अधिकारियों के संरक्षण के बगैर रेत माफिया ऐसा दुस्साहस हरगिज नहीं कर सकते। विभागीय संरक्षण के चलते ही बकावंड विकासखंड में रेत माफियाओं के हौसले आसमान की बुलंदियों तक पहुंच चुके हैं।

सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन जारी है। पूर्व में विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर एक पोकलेन मशीन को सीज किया था, लेकिन इसके बावजूद उसी मशीन के फिर से चालू होने की चर्चा अब प्रशासनिक तंत्र पर सवालिया निशान लगा रही है। यदि सीज की गई मशीन दोबारा उसी अवैध कार्य में उपयोग में लाई जा रही है, तो यह न केवल नियमों की खुली अवहेलना है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि कहीं न कहीं निगरानी व्यवस्था में बड़ी चूक हो रही है या फिर किसी स्तर पर मिलीभगत की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। मामले की जानकारी मिलने



के बाद जब माइनिंग विभाग की टीम पुनः मौके पर पहुंची और मशीन को जब्त करने का प्रयास किया गया, तब ग्रामीणों द्वारा विरोध किए जाने की सूचना है।

### जिला प्रशासन को चुनौती

विकासखंड बकावंड में सक्रिय रेत माफियाओं को किसी का भी डर नहीं रह गया है। इससे पहले इधर खनिज विभाग की टीम के कार्रवाई करने के बाद लौटते ही रेत माफियाओं ने फिर से अपना कारनामा शुरू कर दिया था। रेत माफिया अब बस्तर जिला प्रशासन को सीधी चुनौती दे रहे हैं। कुछ दिन पहले खनिज विभाग के अधिकारी ने पोकलेन और अन्य वाहनों को जप्त किया था। इस कार्रवाई के कुछ देर बाद ही उसी रात और उसी जगह पर भोर तीन बजे तक अवैध रेत खनन बेखौफ चलता रहा। ब्लॉक के बनियागांव के पास बोरगांव में उड़ीसा सीमा से भास्कली नदी पर रातभर खनन होता रहा। कुछ ग्रामीण जब इस अवैध कृत्य को अपने कैमरों में कैद करने लगे तो करने रेत माफियाओं ने उन्हें धमकी दी। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा है कि मिलीभगत के बिना ऐसे इस बेतहाशा रेत खनन संभव नहीं है।

### क्या कलेक्टर करेंगे छापेमारी?

जानकारी मिली है कि नगरनार स्टील प्लांट में काम कर रहे बड़ी कंपनी को बहुत ज्यादा रेत की जरूरत पड़ती है और वे मोटी एडवांस राशि देकर कुछ ग्रामीणों से रेत खनन कराते हैं। रेत माफियाओं को न तो कार्रवाई का डर है और न ही प्रशासन का। वे खुलेआम प्रशासन को चुनौती देते हुए रेत निकाल रहे हैं। बकावंड विकासखंड में सुशासन पर प्रशासन किस कदर हावी है इसका उदाहरण रेत माफिया द्वारा लगातार खनन है। ग्रामीणों से मिली जानकारी की रेत खनन में काम आने वाली जेसीबी पोकलेन मशीन और हाइवा ट्रक आदि माइनिंग विभाग द्वारा ही उपलब्ध कराए जाते हैं ।संभवतः इसी कारण उसकी पोकलेन की जप्ती दिखावे के लिए की गई और स्मगलरों ने पुनः उन्हीं उपकरणों की मदद से रेत का खनन और परिवहन फिर शुरू कर दिया है। लगता है अब कलेक्टर आकाश छिकारा छापेमारी करेंगे, तभी खनिज विभाग की पोल खुलेगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती: दंतेवाड़ा को मिली 6 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस



**विजयमत/दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनस्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, सुलभ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल की गई है। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा जिले को 6 नवीन 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस प्रदान की गई हैं, जो जिले में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को एक नई गति और मजबूती प्रदान करेंगी।

इन अत्याधुनिक एंबुलेंसों को दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी द्वारा हरी झंडी दिखाकर जिले के विभिन्न विकासखंडों के लिए रवाना किया गया। यह अवसर न केवल एक औपचारिक शुभारंभ था, बल्कि जिले के स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर भी साबित हुआ।

नई एंबुलेंसों के जुड़ने से अब जिले के दूरस्थ, वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। अब गंभीर स्थिति में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में होने वाली देरी में कमी आएगी, जिससे उपचार शीघ्र प्रारंभ हो सकेगा और जीवनरक्षा की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, दुर्घटना पीड़ितों एवं गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए यह सेवा अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

इन एंबुलेंसों में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की सुविधा उपलब्ध है, जिससे रास्ते में ही प्राथमिक उपचार देना संभव हो सकेगा। इससे मरीजों की स्थिति को स्थिर बनाए रखने में सहायता मिलेगी और अस्पताल पहुंचने तक महत्वपूर्ण समय की बचत होगी।

# गुड फ्राइडे पर चर्चों में की गई विशेष आराधना

### रविवार को मनाएंगे ईस्टर का पर्व- रत्नेश बेंजामिन

**विजय मत/जगदलपुर**





सारे संसार में मसीह समाज के लोग 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे की आराधना में लीन रहे। 40 दिन की उपवास कालीन आराधना के पश्चात इस सप्ताह को मसीही समुदाय दुख भोग सप्ताह के रूप में मनाते हैं।

समुदाय के लोग प्रभु यीशु मसीह के क्रूसिफाइड होने की घटना को अप्रत्याशित नहीं मानते हैं। उनका मानना है कि यह तो होना ही था। मसीही विश्वास के अनुसार यीशु मसीह पापियों के उद्धार के लिए क्रूस पर चढ़ाए गए। उसी का स्मरण करते हुए बस्तर जिले के अनेक चर्चों में आज गुड फ्राइडे की आराधना संपन्न की गई। 3 दिन पहले विश्व प्रभु भोज के दिन यीशु मसीह को गतसमनी के बाग में उसी के एक चेले के द्वारा पकड़वाया गया। शुक्रवार के दिन ही प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाया गया था। उसी को स्मरण करते हुए हर एक चर्च में यीशु मसीह द्वारा क्रूस पर कहे गए सात वाणियों पर मनन चिंतन किया गया। जगदलपुर के चंदैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लाल चर्च मे भी गुड फ्राइडे की आराधना की गई। आराधना का संचालन अल्पना जान ने किया। इस उपवासकालीन आराधना में युवाओं द्वारा स शीतल पेय का वितरण भी किया गया। इस संबंध में छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फोरम के प्रदेश उपाध्यक्ष रत्नेश बेंजामिन ने बताया कि आज से ठीक तीसरे दिन अर्थात रविवार के दिन ईस्टर मनाया जाएगा। यह प्रभु यीशु मसीह के जी उठने की खुशी में पुनरुत्थान दिवस के रूप में मानते हैं।

# छत्तीसगढ़ मंडी बोर्ड में सज गई दलाली की मंडी सहायक संचालक पर बेजा वसूली का आरोप

## साय के सुशासन को बट्टा लगा रहे हैं ये नेहरू

**विजय मत/रायपुर**

### कर्मचारियों से कमीशन मांगने का लगा आरोप

एक ओर जहां भाजपा के टॉप लीडर पंडित जवाहर लाल नेहरू की कमियां और उनके कार्यकाल की कथित नाकामियां गिनाते थकते नहीं हैं, वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन सरकार में एक नेहरू प्रशासनिक कुशासन का उदाहरण पेश कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन के मंडी बोर्ड में एक अधिकारी नेहरू की तरह रोल निभाते हुए साय के सुशासन पर बट्टा लगा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ मंडी बोर्ड मुख्यालय दलाली का अड्डा बन गया है। दलाली निचले स्तर के अधिकारी या आम कर्मचारी नहीं खा रहे हैं, बल्कि बोर्ड के एक बड़े अधिकारी यह हरकत कर रहे हैं। भाजपा के नेता जहां पं. नेहरू की खामियां और नाकामियां गिना कर कांग्रेस की खिल्ली उड़ाते रहते हैं, वहीं छत्तीसगढ़ मंडी बोर्ड के नेहरू तो सीधे मुख्यमंत्री साय के सुशासन की खिल्ली उड़ा रहे हैं। सहायक संचालक स्तर के ये अधिकारी बिना किसी वजह के अपने मातहत अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन रोक देते हैं, बेतुकी दलील देते हैं कि वेतन भुगतान में कानूनी अड़चन है, सेवा सत्कार करो तभी वेतन मिलेगा। इस सहायक संचालक पर आरोप है कि वे मातहत अधिकारियों को यह कहते हुए प्रताड़ित करते हैं कि तुम लोग फील्ड में खूब कमाई कर रहे हो, मुझे भी उसमें से कमीशन दो। यही कुंठा पाले बैठे सहायक संचालक वेतन रोक कर अधिकारी कर्मचारियों को टार्चर करते हैं। एक बड़े अधिकारी का यह कृत्य कर्मचारियों के शोषण की श्रेणी में आता है। जानकारी के अनुसार मंडी बोर्ड मुख्यालय में पदस्थ सहायक संचालक जिन्हें लोग नेहरूजी के नाम से जानते हैं, वे अपने नाम के अनुरूप ही बीजेपी शासनकाल में सुशासन को बदनाम कर अपने ही कर्मचारियों से काम के एवज में भुगतान देने की मांग करते हैं। बताते हैं कि मामूली पद से इस विभाग में आए नेहरू जी ने गांधी जी का तिलस्म दिखा दिखा कर इस ओहदे तक पहुंचे हैं। मगर उनके हृदय में सुशासन सरकार की छवि अब तक नहीं आ पाई है। उनका कहना है कि मैं नेहरू का लाल बनकर ही बीजेपी शासन काल में कार्य करूंगा।

# कांग्रेस का मिशन गांव चलो अभियान



### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने किया गांवों का भ्रमण

**विजय मत/जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मिशन गांव चलो अभियान के तहत संगठन को निचले स्तर तक और अधिक मजबूत करने के लिए पंचायत कमेटियों एवं बूथ कमेटियों के गठन की प्रक्रिया जारी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में लोहंडीगुड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में पहुंच कर ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद किया गया। दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आने वाला कल कांग्रेस का है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की वादाखिलाफी बढ़ते अपराधों, नशे के कारोबार महिला उत्पीड़न, आदिवासियों पर अत्याचार जैसी घटनाओं से परेशान हो चली है।. जनता को अब सिर्फ कांग्रेस से ही उम्मीदें हैं। कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को कांग्रेस की रीति नीति और भाजपा के कुशासन की जानकारी दें। इस दौरान बाघनपाल, मांदर, एरंडवाल, तारागांव, नेगानार इतिकपाल आदि छः पंचायत कमेटियों और सात बूथ कमेटियों का गठन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बस्तर योगेश, लोहंडीगुड़ा ब्लॉक अध्यक्ष ललित पांडे, जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष महेश कश्यप, गढ़िया मंडल अध्यक्ष मदन पेगड़ सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



# भिरलिंगा में श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**विजय मत/जगदलपुर।** ग्राम भिरलिंगा में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बजरंग दल द्वारा पूरे देश में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन वृहद रूप में किया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज और युवाओं में शौर्य, साहस और भक्ति की भावना को जगाकर समाज को संगठित करना है। भगवान हनुमान बजरंग दल के इष्ट देव और मार्गदर्शक हैं। भिरलिंगा स्थित हनुमान मंदिर में मातृशक्तियों ने 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया, जिसके बाद महाभंडारा और बूंदी प्रसाद वितरण किया गया। ग्राम पंचायत भिरलिंगा में भी कई वर्षों से आयोजित होते आ रहे हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में गांव के समस्त देवी-देवताओं को आमंत्रित कर गांव की सुख-समृद्धि के लिए कामना की गई। इस अवसर पर भव्य मेला भी आयोजित किया गया।कार्यक्रम में बजरंग दल के पदाधिकारी और सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया, आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ सदस्य दशरथ सूर्यवंशी, मध्य बस्तर विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप, सह संयोजक योगेश रैली, प्रखंड अध्यक्ष विवेक शुक्ला, किसान संघ के अध्यक्ष नीलकुमार बघेल, मीडिया प्रभारी मोहन चौरसिया, नगर मंत्री शिवा नाग, सह संयोजक आकाश नाग, एकल विद्यालय प्रमुख पाकलू राम, बलराम विश्वकर्मा, लखमू राम, बाबूलाल, राजू सिरहा, नरसिंह ठाकुर, हीरा कश्यप, नीरज, लता, नारायण सिंह ठाकुर, जैमन, मणिशंकर और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मसीही समुदाय ने याद किया प्रभु यीशु का बलिदान

**विजय मत/दल्ली राजहरा**



दल्ली राजहरा। क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च दल्ली राजहरा में गुड फ्राइडे प्रभु यीशु के बलिदान दिवस पर विशेष आराधना हुई। पास्टर अध्यक्ष राजेंद्र साहू और रेवह बी कुमार के कलीसियाई प्रार्थना और मसीही गीत से शुभ शुक्रवार बलिदान दिवस की आराधना प्रारंभ हुई।

मुख्य वक्ता रेवह सिकंदर मसीह ने संदेश देते हुए कहा कि आज शुभ शुक्रवार के दिन हमारे पापों के कारण प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था।प्रभु यीशु मसीह ने सूली पर से जो सात वाणी कही थी, उन सातों वाणी को विस्तार से कलीसिया को बताया। उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि प्रभु यीशु मसीह को हमारे पापों के कारण क्रूस पर चढ़ाया गया था। उनके इस बलिदान के कारण हमें पापों से छुटकारा मिला और हमें चंगाई प्राप्त हुई।हमारे अपराधों के कारण उन्हे प्रताड़ना दी गई, उनके कोड़े खाने से हम चंगे हुए। पास्टर राजेंद्र साहू ने संदेश देते हुए बताया कि गुड फ्राइडे ईसाई धर्म का एक पवित्र और शोकपूर्ण दिन है, आज के दिन प्रभु ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। उनके द्वारा सूली पर दिए गए बलिदान की याद में शुभ शुक्रवार मनाया जाता और इस दिन प्रभु यीशु मसीह ने मानव जाति के पापों के प्रायश्चित और शांति का संदेश देने के लिए सूली पर अपना प्राण दिया। परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश न हो और अनंत जीवन पाए।कलीसिया के महिला पुरुष जवान व बच्चों द्वारा विशेष गीत की प्रस्तुति दी गई।आराधना के पश्चात् चर्च के युवाओं द्वारा उपवास रखने वाले मसीही भाई बहनों के लिए फल और शरबत की व्यवस्था रखी गई थी। गुड फ्राइडे की आराधना में वरिष्ठ पास्टर बी. कुमार, उपाध्यक्ष अतुल कालेस, सचिव सीएच आजाद, सहसचिव एडवर्ड स्टीफन, कोषाध्यक्ष भूषण कदम, उप कोषाध्यक्ष सारोन राम, पंचायत मेंबर जैन राजेश, नितिन राम, पूर्व पंचायत सदस्य अनीस दास, विवेक मसीह, संतोष देवांगन, चित्रा डेनियल, सदस्य न्यूटन राम, शीतल लाल, राकेश जॉन, सपन बेंजामिन, रुडोल्फ स्टीफन, जी आशीर्वादम, चंद्रशेखर राव, सिमोन सेनगुप्ता, डेविड सेनगुप्ता, जोजी जॉन, जकर्याह बेंजामिन, विवेक दिलावर, सुभाष नेगी, दिलीप नेगी, दीनू हरपाल, मनोज निषाद, हरीश निषाद, ललित नेगी, अनिल डेविड, नवीन बेंजामिन, सीएच डेविड राज, शिशिर एलबर्ट, प्राची सहित बड़ी संख्या में कलीसिया के सदस्यगण चर्च में उपस्थित रहे।

# दोरनापाल में गैस संकट: लंबी कतारों में जूझते ग्रामीण, सरकार के दावों पर उठे गंभीर सवाल

**विजय मत/सुकमा।** जिले के कोंटा क्षेत्र में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। सरकार जहां एक ओर पर्याप्त गैस उपलब्ध होने के दावे कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। गांव-गांव से आए सैकड़ों ग्रामीण सुबह से ही गैस एजेंसियों और वितरण केंद्रों के बाहर लंबी कतारों में खड़े हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें सिलेंडर नसीब नहीं हो रहा।



ताजा मामला नगर पंचायत दोरनापाल का है, जहां गैस वितरण के लिए जैसे ही वाहन बाजार स्थल पर पहुंचा, लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वाहन में सीमित संख्या में ही सिलेंडर मौजूद थे, जबकि लेने वालों की संख्या सैकड़ों में थी। इस असंतुलन ने हालात को और बिगाड़ दिया। महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चों के साथ पहुंचे ग्रामीण धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे, लेकिन कई लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा।

इस गंभीर स्थिति ने सरकार के दावों की पोल खोल दी है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बबिता माड़वी ने इस मुद्दे को लेकर मौजूदा भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार बार-बार यह कह रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है, तो आखिर जमीनी स्तर पर यह संकट क्यों दिखाई दे रहा है? क्यों आम जनता को अपने ही हक के लिए घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है।

# देवभोग पुलिस ने 12 लाख 50 हजार मादक पदार्थ गांजा के साथ उड़ीसा का आरोपी गिरफ्तार

**विजय मत/गरियाबंद।** गरियाबंद जिले का अंतिम छोर देवभोग थाना के खुटगांव चेक पोस्ट पर मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु गरियाबंद पुलिस द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना देवभोग पुलिस द्वारा अंतरराज्यीय चेक पोस्ट खुटगांव पर वाहन जांच के दौरान बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए भारी मात्रा में गांजा जप्त किया गया।

दिनांक 02/04/2026 को थाना देवभोग पुलिस टीम द्वारा चेक पोस्ट खुटगांव में आने-जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति उड़ीसा की ओर से पैदल आते दिखाई दिया, जिसके पास एक सफेद प्लास्टिक थैला एवं काले रंग का पिट्ठू बैग था। पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम काला कान्हू उर्फ कान्हा तांडी पिता स्व. सुरेश सिंह तांडी, उम्र 24 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 02, हाउस पार, थाना बोडेन, जिला नुआपाड़ा (ओडिशा) बताया। साथ ही मौके पर उपस्थित गवाहों जयगुरु सोनी एवं खेरीसिंह को भी विधिवत नोटिस देकर कार्यवाही में शामिल किया गया।

दिनांक 03/04/26 दिन शुक्रवार को ग्राम पंचायत दुब्बा टोटा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरीश कवसी जी ब्लाक कांग्रेस कमेटी मड़वी देवा जी ब्लाक प्रभारी सोयम भीमा जी के मार्गदर्शन मे दुब्बा टोटा मे बैठक रखा गया बूथ कमेटी एवं पंचायत कमेटी का सफलतापूर्वक गठन किया गया इस बैठक को सफल बनाने के लिए? दुब्बा टोटा पंचायत के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तता सेक्टर अध्यक्ष मड़कम देवा बूथ अध्यक्ष पुनेम बीरा मड़कम दारा पेरमा पुजारी मांझी और वनोपाज समिति के जिला अध्यक्ष पुनेम मासा जी फायदा गुडा के पेरमा पुजारी एवं पंचायत के कांग्रेसी।



## संगमपल्ली में शराब दुकान के खिलाफ ग्रामीणों की विधायक के साथ बैठक

# शराब दुकान के खिलाफ विधायक विक्रम मंडावी ने कसी कमर

### स्कूल, अस्पताल खोलना छोड़ शराब दुकान खोलने में लगी है सरकार: मंडावी

**विजय मत/जगदलपुर।** बस्तर संभाग के बीजापुर जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत संगमपल्ली में अंग्रेजी शराब दुकान खोले जाने के फैसले के खिलाफ बीजापुर विधायक विक्रम शाह मंडावी ने कमर कस ली है। गुरुवार को विधायक विक्रम मंडावी ने ग्राम पंचायत संगमपल्ली में सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान खोले जाने के विरोध में ग्रामीणों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि छोटे-छोटे गांवों में अंग्रेजी शराब दुकान खोलने से क्षेत्र के आदिवासी युवा नशे की गिरफ्त में फंस जाएंगे। पहले से ही आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़ चुके गरीब आदिवासी परिवार और भी मुसीबत में फंस जाएंगे। ग्रामीणों ने मांग की कि





ग्राम संगमपल्ली में अंग्रेजी शराब दुकान खोलने का निर्णय सरकार तत्काल प्रभाव से वापस ले, अन्यथा क्षेत्र के ग्रामीण बड़े पैमाने पर इसका विरोध करने को मजबूर होंगे। वहीं विधायक विक्रम मंडावी ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी वैध प्रक्रिया के गुपचुप तरीके से आदिवासी क्षेत्रों में अंग्रेजी शराब दुकानें खोल रही है। न तो ग्रामसभा का आयोजन किया गया और न ही किसी प्रकार की दावा-आपत्ति मंगवाई गई। यह पूरी प्रक्रिया ही दबावपूर्ण और एकतरफा है।

उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए यह भी कहा कि बीजापुर जिला संविधान की पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में आता है, जहां पंचायतों (विस्तार क्षेत्र) पेसा अधिनियम 1996 लागू है। इसके बावजूद प्रदेश की भाजपा सरकार जानबूझकर आदिवासी बहुल क्षेत्रों में अंग्रेजी शराब दुकानें खोलने का काम कर रही है, जो पूरी तरह गलत है। सरकार को इस पर तत्काल रोक लगानी चाहिए।

### स्कूल, अस्पताल खोले सरकार- मंडावी

विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार को गांवों में स्कूल, कॉलेज, अस्पताल खोलने, बिजली, साफ पानी और सड़कों जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए थीं, लेकिन विष्णुदेव साय की यह सरकार जब से बनी है, तब से लगातार अंग्रेजी शराब दुकानें खोलने में लगी हुई है। आज बस्तर संभाग का युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है। बीजापुर समेत पूरे बस्तर के युवा रोजगार की तलाश में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र पलायन कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर विष्णुदेव साय सरकार आदिवासी बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के बजाय अंग्रेजी शराब दुकाने खोलने के काम पर लगी है। विष्णुदेव साय और भाजपा की डबल इंजन की सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। विधायक विक्रम मंडावी ने यह भी कहा कि यदि भाजपा सरकार ग्राम पंचायत संगमपल्ली में अंग्रेजी शराब दुकान खोलने का निर्णय वापस नहीं लेती है।

# बलरामपुर पुलिस द्वारा यातायात चेकिंग दौरान 537 शराबी चालको समेत कुल 7970 पर चलानी कार्यवाही

**विजय मत (आनन्द मिश्रा)।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा, रेंज सरगुजा के निर्देषन में इकाई में सड़क दुर्घटना पर प्रभावी अंकुष लगाने व दुर्घटना दर में कमी लाने के उद्देष्य से पुलिस अधीक्षक जिला बलरामपुर रामानुजगंज वैभव बैंकर एवं विश्व दीपक त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्षन पर जिला बलरापमुर-रामानुगंज अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं को कम करने लगातार जन जागरूकता के साथ ही प्रवर्तन की कार्यवाही के तारतम्य में जिला पुलिस बलरामपुर-रामानुजगंज नें प्रथम तिमाही माह (जनवरी से मार्च 2026 तक) में लगातार अभियान चलाकर शराब सेवन कर वाहन चलाने पर कुल 537 प्रकरण, बिना हेलमेट पर 2023 प्रकरण व बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाने वाले 1659 प्रकरण समेत कुल 7970 प्रकरण में 29,89,900/- (रूपये उन्तीस लाख नवासी हजार, नौ सौ) की चालानी कार्यवाही की गई है। बलरामपुर पुलिस आम नागरिको से अपील करती है कि दोपहिया वाहन में तीन सवारी न बैठाने, नाबालिक को वाहन न चलाने दे, बिना लायसेंस वाहन न चलाये, नषे की हालत में वाहन न चलावे, सीट बेल्ट का उपयोग करें। बिना हेलमेट वाहन न चलावे, तेज रफ्तार से वाहन न चलाये। क्षमता से अधिक सवारी/माल न ढोना एवं वाहन संबंधी सभी प्रकार के दस्तावेजों को हमेशा वाहन के साथ रखे एवं एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाये।



# अभिषेक आईपीएल मे 100 छक्का लगाने वाले सनराइजर्स के दूसरे खिलाड़ी बने

**कोलकाता, एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनर बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में अपनी पारी के दौरान चार छक्के लगाने के साथ ही एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। अब अभिषेक आईपीएल में 100 से अधिक छक्के लगाने वाले सनराइजर्स के दूसरे बल्लेबाज बन गये हैं।वहीं पहले नंबर पर डेविड वार्नर हैं। अभिषेके के नाम अब 101 छक्के हैं जबकि वार्नर ने अब तक 143 छक्के लगाये हैं। अभिषेक ने पारी की शुरुआत करते हुए 21 गेंदों पर 48 रन बनाए जिसमें 4 चौके और 4 छक्के शामिल थे।

इसके साथ ही उन्होंने हैदराबाद की से अपना 100 छक्का लगाया। ब्लेसिंग मुजारबानी की गेंद पर वरुण चक्रवर्ती ने उनका कैच पकड़ा। सनराइजर्स के लिए सबसे अधिक 143 छक्के ऑस्ट्रेलिया के वार्नर ने लगाये हैं। वहीं अभिषेक 101 छक्कों के साथ दूसरे जबकि दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन 89 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। इसके अलावा न्यूजीलैड के केन विलियमसन 64 छक्कों के साथ चौथे और ऑस्ट्रेलिया के ही ट्रैविस हेड 50 छक्कों के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

## टीमों को बढ़ाने पर विचार कर रहा बीसीसीआई अरुण धूमल

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) साल 2008 में शुरु होने के बाद से ही लगातार छाया हुआ है। यहां तक कि आज आईपीएल दुनिया में सबसे बड़ी क्रिकेट लीग है। इसके मैचों का प्रसारण दूनिया भर में होता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सबसे अधिक कमाई आईपीएल से ही होती है। ऐसे में बोर्ड अब इसमें टीमें बढ़ाने पर विचार कर रहा है। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल के अनुसार बोर्ड टीमों की संख्या बढ़ाने का कोई भी फैसला, टूर्नामेंट की गुणवत्ता से समझौता करते हुए नहीं लेगा।

धूमल ने कहा, टीम बढ़ाने का फैसला इस बात पर निर्भर करेगा कि इसके लिए कितना समय मिलता है। निवेशकों की इसमें कितनी रुचि है क्योंकि आईपीएल में निवेश पर असाधारण रिटर्न मिल रहा है। मैचों की संख्या बढ़ाने के पहले कई बातों का ध्यान रखना होता है। साथ ही कहा कि अगर इस लीग को नियमित रूप से आयोजित किया जाना है, तो नई व्यवस्था होगी। आईसीसी कार्यक्रम में कम द्विपक्षीय मैच रखने होंगे। तभी लीग क्रिकेट बढ़ सकता है।



साथ ही कहा कि जब बोर्ड ने प्रसारण अधिककार 48,390 करोड़ रुपए में बेचे थे, तो योजना यह थी कि धीरे-धीरे मैचों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके अनुसार साल 2023 और 2024 में 74 मैच, 2025 और 2026 में 84 मैच, और अंत में साल 2027 तक 94 मैच खेले जाने थे पर ये योजना अभी रुकी हुई है। साल 2026 में भी 74 मैच ही खेले जाएंगे। इसके पीछे को कारण आईसीसी का मौजूदा भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) है, जो अप्रैल 2027 तक चलेगा, इससे मैचों के बीच बहुत कम खाली समय मिलता है।

धूमल ने आईपीएल के विस्तार को लेकर कहा, लीग को 74 से 94 मैचों तक ले जाने के लिए हमें एक बड़ी विंडो की जरूरत है। ज़्यादातर अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर पहले से ही बुक है। मार्च के बीच से मई के आखिर तक का समय ही हमारे पास सीमित उपलब्ध है। वहीं जून में बारिश शुरु हो जाती है। तब र्नामेंट को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है।

अगर हम मौजूदा विंडो में ही 74 से 94 मैच करवाने की कोशिश करेंगे तो हमें अधिक डबल-हेडर करवाने पड़ेंगे। जो कि प्रसारण कर्ता के लिए फायदे का सौदा नहीं होते। हमें सभी के हितों का ध्यान रखना होता है। इसीलिए हमने अब तक 74 मैच ही रखे हैं।

# अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम पर भड़के केरल के खेल मंत्री?







**मलप्पुरम, एजेंसी**

केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने कहा कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने पैसे लेने के बावजूद यहां मैच खेलने के लिए नहीं आकर राज्य को धोखा दिया। अब्दुरहीमान ने कहा कि वह वास्तव में चाहते थे कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम और लियोनल मेसी केरल आएं और राज्य में एक मैच खेलें।उन्होंने एक टीवी चैनल से कहा, इसके लिए मैंने कई बार बातचीत की थी। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टीम को देने के लिए 250 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाने के लिए प्रायोजक ढूंढना आसान काम नहीं था। अब्दुरहीमान ने कहा, लेकिन पैसे मिलने के बावजूद अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने हमें धोखा दिया। हमें उनसे ऐसे विश्वासघात की उम्मीद नहीं थी। वादा करने के बावजूद उसकी टीम यहां नहीं आई।

केरल के खेल मंत्री ने कहा कि जब उन्होंने इस संबंध में पूछताछ की तो पता चला कि अर्जेंटीना ने पांच अन्य देशों के साथ भी ऐसा ही किया था। उन्होंने उन देशों से पैसे तो लिए लेकिन वहां खेलने नहीं गए। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के खिलाफ मामला दर्ज करना होगा और उन्हें हमें मुआवजा देना होगा।उन्होंने कहा कि राज्य अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम का बेसब्री से इंतजार कर रहा था।

## अंगक्रिश, उनादकट ऑरेंज व पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष पर पहुंचे

**मुम्बई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हार का सामना करना पड़ा है पर इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले उसके बल्लेबाज अंगक्रिश रघुवंशी ऑरेंज कैप की रैस में अब सबसे आगे हो गये हैं। वहीं पर्पल कैप की दौड़ में सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज जयदेव उनादकट नंबर एक पर पहुंच गये हैं। 19वें सत्र में लगातार दो अर्धशतक लगाने वाले केकेआर के रघुवंशी ने अब तक सबसे अधिक रन बनाये हैं। वहीं सनराइजर्स के कप्तान ईशान किशन एक बार फिर दूसरे स्थान पर रहे। पर्पल कैप की बात करें तो सनराइजर्स के जयदेव उनादकट नंबर एक पर हैं।

अंगक्रिश ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2026 के अपने पहले ही मुकाबले में 51 रनों की पारी खेलने के बाद दूसरे मैच में सराइजर्स के खिलाफ 52 रन बनाए। अब उनके नाम 2 मैचों में सबसे अधिक 103 रन हो गए हैं, जो उन्होंने 51.50 की औसत और 177.59 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं।

## अभिषेक पर आचार संहिता उल्लंघन के लिए जुर्माना लगा

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आचारसंहिता उल्लंघन के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर जुर्माना लगा है। अभिषेक पर जुर्माने के साथ ही उनके खाते में एक नकारात्मक अंक भी दर्ज किया गया है। अभिषेक ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में 21 गेंदों पर तेजी से 48 रन बना दिये। इस दौरान अभिषेक ने चार चौके और इतने ही छक्के लगाये। वह ब्लेसिंग मुजरबानी की गेंद पर कैच आउट हुए और माना जा रहा है इसी को लेकर हुए विवाद में माना जा रहा है कि उनपर आचारसंहिता उल्लंघन के लिए जुमाना लगा है। अभिषेक का कैच वरुण चक्रवर्ती ने पकड़ा पर ये स्पष्ट नजर नहीं आ रहा था।

# फुटबॉल विश्वकप: फाइनल देखने देने होंगे 10 लाख रुपए से ज्यादा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

फीफा विश्वकप 2026 के फाइनल मुकाबले के टिकटों की कीमत 10 लाख रुपये से भी ज्यादा पहुंच गई है, जो हाल ही में हुए टी20 वर्ल्ड कप फाइनल के टिकट से करीब 13 गुना अधिक है। डायनामिक प्राइसिंग सिस्टम के कारण टिकटों की कीमत लगातार बढ़ रही है, जिससे आम फैंस के लिए मैच देखना मुश्किल होता जा रहा है। वहीं, भारी डिमांड और सीमित उपलब्धता ने कीमतों को और बढ़ा दिया है, जिससे यह टूर्नामेंट अब तक का सबसे महंगा वर्ल्ड कप बन सकता है।

फीफा विश्वकप 2026 का आगाज 11 जून से होने जा रहा है। इस बार यह टूर्नामेंट अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होगा। हालांकि, फीफा ने फैंस को बड़ा झटका दिया है। फीफा ने विश्वकप की 48 टीमों के तय हो जाने के बाद फाइनल के लिए टिकट की अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 अमेरिकी डॉलर यानी 10.28 लाख भारतीय रुपये कर दी हैं।





दिसंबर में टूर्नामेंट के ड्रॉ के बाद जब फीफा ने टिकट बेचे थे तब श्रेणी एक के टिकट की कीमत 8,680 यूएस डॉलर थी यानी 8.12 लाख रुपये। यह दाम हाल ही में अहमदाबाद में हुए टी20 विश्वकप के फाइनल की टिकट की दाम से लगभग 13 गुना ज्यादा है। आइए जानते हैं पूरा मामला...

न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल मैच के लिए फीफा के श्रेणी दो के टिकटों की कीमत 7,380 अमेरिकी डॉलर यानी 6.90 लाख रुपये कर दी गई है, जो पहले 5,575 अमेरिकी डॉलर थी यानी कि 5.22 लाख रुपये। इसी तरह से श्रेणी तीन के टिकटों की कीमत 5,785 यूएस डॉलर (5.41 लाख भारतीय रुपये) कर दी गई है जो पहले की कीमत से 4,185 डॉलर यानी 3.92 लाख रुपये अधिक है।

### पहले श्रेणी तीन के टिकटों की कीमत एक लाख से ज्यादा थी

टी20 विश्विकप 2026 फाइनल के टिकट का दामअहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आठ मार्च 2026 को हुए टी20 विश्विकप 2026 फाइनल के आधिकारिक टिकटों की शुरुआती कीमत दो हजार रुपये रखी गई थी। प्रीमियम सीटों की कीमत 20 हजार रुपये से लेकर 25 हजार रुपये तक थी, जबकि हॉस्पिटैलिटी सूट्स के टिकट 50 हजार रुपये से 75 हजार रुपये के बीच थे।अगर टी20 विश्विकप फाइनल के अधिकतम 75 हजार रुपये से भी फीफा विश्विकप फाइनल के अधिकतम दाम की तुलना हो तो यह 13+ गुना ज्यादा है। हालांकि, रीसेल मार्केट में टिकटों की कीमतें आसमान छू रही थीं, जहां एक सीट के लिए दो से तीन लाख तक वसूले जाने की खबरें सामने आईं थीं। फीफा विश्विकप 2026 के आम टिकटों के दाम भी टी20 विश्विकप 2026 के आम टिकटों के दाम से ज्यादा हैं।

# टाइगर ने राइडर कप से नाम वापस लेने के साथ ही खेल से ब्रेक लिया

**न्यूयार्क, एजेंसी**

विश्व के नंबर एक दिग्गज रहे गोल्फर टाइगर वुड्स फिट नहीं होने के कारण राइडर कप गोल्फ टूर्नोमेंट में भाग नहीं लेंगे। वुड्स ने खराब सेहत का हवाला देते हुए खेल से ब्रेक लेने की भी घोषणा कर दी है। वुड्स ने कहा है कि वह इलाज के लिए विदेश जा रहे हैं।

### कप्तानी ठुकरा दी

वह पिछले कुछ समय से गोल्फ से जुड़ी गतिविधियों से दूर थे पर गुरुवार को उन्होंने औपचारिक रूप से राइडर कप की कप्तानी ठुकरा दी साथ ही कहा कि वह इलाज के लिए विदेश जा रहे हैं। उन्हें अदालतन ने इलाज के लिए देश से बाहर जाने की अनुमति भी दे दी है। वुड्स को पिछले सप्ताह नशे में गाड़ी चलाने के संदेह के कारण गिरफ्तार किया गया था हालांकि कुछ घंटे बाद ही उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। इसी कारण उन्हें विदेश जाने से पहले अदालत से अनुमति लेनी पड़ी हैं।

### निजता बनाना

वुड्स ने एक बयान जारी कर कहा कि वह 'इलाज कराने और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए' अनिश्चित काल के लिए खेल से दूर जा रहे हैं। उनके वकील डगलस डंकन ने दायर एक याचिका में न्यायाधीश से वुड्स को उपचार के लिए विदेश जाने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि वुड्स को इलाज के लिए विदेश इसलिए जाना पड़ रहा है क्योंकि अमेरिका में उनके लिए अपनी निजता बनाये रखना संभव नहीं है।



# कच्चे तेल की कीमतें 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में आईं



## तेल संकट गहराया, भारत में कीमतें चार साल के उच्च स्तर पर पहुंचीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ा है, जिसका सीधा असर भारत पर भी देखने को मिल रहा है। भारतीय ऑयल बास्केट की औसत कीमत मार्च 2026 में 113.49 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई, जो पिछले चार वर्षों का उच्चतम स्तर है। इससे पहले रसिया-यूक्रेन वार के दौरान मार्च 2023 में यह 112.87 डॉलर तक गई थी। रविवार को ओपेक देशों की बैठक होगी। इसमें ऑयल प्रोडक्शन बढ़ाने पर चर्चा की जाएगी। 1 अप्रैल को भारतीय रिफाइनरियों के लिए कच्चे तेल की कीमत 120.84 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई, जबकि ब्रेट क्रूड करीब 107 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में बनी हुई हैं।

### दवाओं पर भारी टैरिफ का खतरा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेटेंट दवाओं के आयात को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए नया कार्यकारी आदेश जारी किया है, जिससे वैश्विक फार्मा उद्योग में हलचल मच गई है। अमेरिका में दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक अहम कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। इस आदेश के तहत उन फार्मा कंपनियों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जा सकता है, जो अमेरिकी सरकार के साथ "मोस्ट फेवर्ड नेशन" प्राइसिंग समझौता नहीं करेंगी। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, जो कंपनियां अमेरिका में पेटेंट दवाओं और उनके कच्चे माल का उत्पादन शुरू करेंगी और कीमत समझौते पर सहमत होंगी, उन्हें टैरिफ से छूट दी जाएगी। वहीं, जो कंपनियां उत्पादन तो शुरू करेंगी लेकिन समझौता नहीं करेंगी, उन पर शुरुआती 20 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, जो चार वर्षों में बढ़कर 100 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। कंपनियों को समझौते के लिए समय भी दिया गया है, बड़ी कंपनियों को 120 दिन और अन्य को 180 दिन। बताया गया है कि सरकार पहले ही कई बड़ी कंपनियों के साथ समझौते कर चुकी है। इस फैसले के पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला दिया गया है, क्योंकि सरकार का मानना है कि दवाओं के आयात पर अत्यधिक निर्भरता जोखिम पैदा कर सकती है।

## सभी उड़ानों में 60 फीसदी सीटें बिना शुल्क उपलब्ध

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने घोषणा की है कि 20 अप्रैल से सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराई जाएंगी। इसका उद्देश्य यात्रियों को न्यायसंगत सुविधा देना और सीट आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। डीजीसीए ने निर्देश दिया है कि विमानन कंपनियों को अपनी सीट आवंटन नीतियों को पारदर्शी बनाना होगा। सभी शुल्क रहित सीटों की उपलब्धता और लागू शर्तें बुकिंग वेबसाइट या ऐप पर स्पष्ट रूप से दिखानी होंगी। इसके अलावा, खेल उपकरण, संगीत वाद्य यंत्र जैसी वैकल्पिक सेवाओं के लिए सभी शुल्क और किसी भी नुकसान की स्थिति में जिम्मेदारी की शर्तें भी स्पष्ट रूप से यात्रियों को उपलब्ध कराई जाएंगी। वर्तमान में केवल लगभग 20 प्रतिशत सीटें मुफ्त चयन के लिए उपलब्ध हैं। बाकी सीटों के लिए यात्री 200 से 2,100 तक का शुल्क देते हैं।

# युद्ध का दिख रहा सीधा असर: रुपया गिरा महंगाई बढ़ेगी! आम आदमी पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने से पहले ही भारत की अर्थव्यवस्था में कमजोरी के संकेत दिखाई देने लगे थे। जैसे ही ईरान से जुड़े तनाव बढ़े और डॉलर सुरक्षित निवेश के रूप में मजबूत हुआ, रुपये पर दबाव और तेज हो गया। पिछले एक साल में एशिया की सबसे कमजोर करेंसी रहे रुपये ने 95 प्रति डॉलर का स्तर पार कर 95.12 का रिकॉर्ड निचला स्तर छू लिया। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि युद्ध केवल एक ट्रिगर है, जबकि असली कमजोरी देश के अंदर की आर्थिक स्थिति से जुड़ी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों की डॉलर पोजिशन 100 मिलियन तक सीमित करने का फैसला बाजार को भरोसा दिलाने के बजाय उल्टा संकेत दे गया। निवेशकों ने इसे इस रूप में देखा कि आरबीआई के पास रुपये को संभालने के पारंपरिक उपाय अब





पर्याप्त नहीं रह गए हैं। इससे सट्टेबाजों को मौका मिला और रुपये पर दबाव और बढ़ गया। रिपोर्ट के अनुसार किसी भी केंद्रीय बैंक के सामने यह चुनौती होती है कि वह एक साथ मुद्रा को स्थिर रखने और ब्याज दरों को नियंत्रित करने दोनों काम नहीं कर सकता। आरबीआई लंबे समय तक इस संतुलन को बनाए रखने की कोशिश करता रहा।

गवर्नर संजय मल्होत्रा के कार्यकाल में ब्याज दरों में कटौती कर निवेश को बढ़ावा दिया गया और रुपये को कमजोर होने दिया गया ताकि निर्यात को सहारा मिल सके। लेकिन तेल की कीमतों में तेजी के बाद यह रणनीति दबाव में आ गई है।

अब आरबीआई के सामने ग्रोथ और मुद्रा स्थिरता के बीच कठिन चुनाव है। रुपये की कमजोरी का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ता है। खासकर तेल की कीमतें बढ़ने से पेट्रोल, डीजल और गैस महंगे होते हैं, जिसका असर ट्रांसपोर्ट, खाद और खाने-पीने की चीजों तक पहुंचता है। इससे जीवन यापन की लागत बढ़ जाती है।

## फ्लाइट सीट चयन नियम पर 60 फीसदी मुफ्त सीट वाला आदेश स्थगित

- एयरलाइंस की आपत्तियों के बाद फैसले पर रोक, किराया संरचना और संचालन पर असर की समीक्षा जारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने एयरलाइंस के लिए हर उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें बिना अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराने के अपने प्रस्ताव को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने यह निर्णय डायरेक्टोरेट जनरल आफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को भेजे पत्र में साझा किया। मंत्रालय के अनुसार फेडरेशन आफ इंडियन एयरलाइंस और अकासा एयर सहित विभिन्न हितधारकों से मिले सुझावों के आधार पर इस नीति की समीक्षा की गई। एयरलाइंस ने इस प्रावधान के परिचालन और व्यावसायिक प्रभाव, किराया ढांचे में संभावित बदलाव और मौजूदा डिरेगुलेटेड सिस्टम से टकराव जैसे मुद्दे उठाए। इन परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने कहा कि विस्तृत अध्ययन पूरा होने तक इस आदेश को लागू नहीं किया जाएगा। वर्तमान में एयरलाइंस लगभग 20 प्रतिशत सीटें मुफ्त चयन के लिए देती हैं, जबकि बाकी सीटों के लिए 200

## जम्मू संभाग के 100 स्कूलों में हर्बल गार्डन स्थापित करने की मंजूरी

जम्मू (ईएमएस)। आयुष मंत्रालय के तहत नेशनल मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड ने जम्मू संभाग में 100 स्कूलों में हर्बल गार्डन स्थापित करने के महत्वाकांक्षी प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस परियोजना के लिए कुल 53 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पहल के तहत संभाग के प्रत्येक जिले से 10-10 स्कूलों को चयनित किया गया है। ये हर्बल गार्डन छात्रों के लिए जीवंत शिक्षण केंद्र के रूप में विकसित होंगे, जहां वे औषधीय पौधों की पहचान, खेती और उपयोग संबंधी जानकारी सीख सकेंगे। इसका उद्देश्य स्कूल शिक्षा प्रणाली में पारंपरिक औषधीय ज्ञान और प्रकृति के प्रति

**समाधान** 25,000 करोड़ की मेगा परियोजना, कोयला गैसीकरण तकनीक का उपयोग किया जाएगा

# भारत में पहली स्वदेशी गैसीकरण परियोजना के जमीन पट्टे पर समझौता हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव व वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में उतार-चढ़ाव के दौर में भारत में ऊर्जा सुरक्षा के लिए पहली स्वदेशी गैसीकरण परियोजना के जमीन पट्टे पर समझौता हुआ। भारत कोल गैसिफिकेशन ऐंड कैमिकल लिमिटेड (बीसीजीसीएल) और महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने समझौता किया। इसके तहत ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले के लखनपुर में कोयले से अमोनियम नाइट्रेट बनाने की पहली स्वदेशी परियोजना के लिए समझौता हुआ। इससे आयात पर निर्भरता भी घटेगी। सूत्रों के अनुसार इस परियोजना की क्षमता 2,000 टन प्रतिदिन (टीपीडी) है। परियोजना के लिए अनुमानित निवेश करीब 25,000 करोड़ रुपये है। यह समझौता महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसमें भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) की स्वदेशी रूप से विकसित कोयला गैसीकरण तकनीक का उपयोग किया जाएगा। कोयला गैसीकरण तकनीक कोयले को सिंथेसिस गैस (सिनगैस) में बदलती है। फिर सिनगैस से अमोनिया, मेथनॉल, यूरिया, हाइड्रोजन, सिंथेटिक प्राकृतिक गैस (एसएनजी), पेट्रोकेमिकल्स और तरल ईंधन सहित विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पाद बनाए जा सकते हैं। इस क्रम में लखनपुर परियोजना विशेष रूप से अमोनियम नाइट्रेट के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह प्रमुख औद्योगिक रसायन है और इसका उपयोग उर्वरकों और खनन में व्यापक रूप से होता है। दरअसल, कोयला



मंत्रालय ने ऊर्जा उत्पादों के आयात को कम करने के लिए सात कोयला परियोजनाओं के लिए 64,000 रुपये मंजूर किए हैं। इन सात परियोजनाओं में से एक लखनपुर परियोजना है। इस क्रम में सात परियोजनाओं में से चार महाराष्ट, दो ओडिशा और एक पश्चिम बंगाल में होगी। लखनपुर परियोजना एमसीएल की 350 एकड़ से अधिक भूमि पर स्थापित की जाएगी। दरअसल, कोयलना मंत्रालय ने हाल ही में नीति में बदलाव किए हैं।

# जल संरक्षण के कार्यों को और गति दें,अधिक से अधिक पेड़ लगाकर संरक्षित करें: राज्यपाल

● राज्यपाल रमेन डेका ने सरायपाली में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली



विजय मत/ रायपुर

राज्यपाल रमेन डेका ने जल संरक्षण के कार्यों की सराहना करते हुए किसानों को डबरी खनन के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बताया गया कि विकासखंड में 218 डबरी स्वीकृत की गई हैं तथा बड़ी संख्या में निर्माण कार्य पूर्ण किए गए हैं, राज्यपाल ने और गति देने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल डेका ने आज सरायपाली प्रवास के दौरान रेस्ट हाउस में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्यपाल ने वृक्षारोपण को जनआंदोलन के रूप में संचालित करने पर जोर देते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाए। कैंपा एवं मनरेगा मद से वृहत वृक्षारोपण करते हुए शासकीय भवनों, रेस्ट हाउस परिसरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जाएं। विभाग ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 1.50 लाख पौधरोपण किया गया है तथा अमृत सरोवरों के आसपास भी हरित विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने इसमें जनभागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने कृषि क्षेत्र की समीक्षा करते हुए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने तथा धान के साथ उद्यानिकी फसलों के समावेश पर बल दिया। उन्होंने जैविक चावल के वैल्यू एडिशन के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

**नियमित सफाई एवं उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए**

स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को प्रभावी बनाने, हितग्राहियों से सेवा शुल्क लेने तथा सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई एवं उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने टीबी रोगियों की जानकारी ली और उनके उपचार की सतत निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने समाज के सक्षम व्यक्तियों को टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए प्रेरित करने, रेडक्रॉस से जुड़ने तथा ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर एवं मोतियाबिंद के उपचार हेतु जागरूकता अभियान एवं शिविर आयोजित करने पर बल दिया।

# राज्य में कृषि एवं जैव ईंधन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम, किसानों के आय बढ़ाने में होगी सहायक

विजय मत / रायपुर



छत्तीसगढ़ राज्य में कृषि एवं जैव ईंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। पहली बार राज्य में सफेद चुकंदर (शुगरबीट) के किस्म एलएस-6 की खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ गन्ना की फसल के साथ अंतफसली प्रणाली पर एक संयुक्त अनुसंधान परियोजना प्रारंभ की गई है। यह परियोजना छत्तीसगढ़ जैव ईंधन विकास प्राधिकरण, रायपुर द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ एवं राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर के संयुक्त सहयोग से संचालित की जा रही है। इस कार्यक्रम में डॉ सीमा परोहा निदेशक, डॉ लोकेश बाबर, सहायक आचार्य (कृषि रसायन), राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर एवं श्री सुमित सरकार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, श्री संतोष कुमार मैत्री, सहायक परियोजना अधिकारी, छत्तीसगढ़ जैव ईंधन प्राधिकरण, रायपुर, द्वारा सयुंक्त रूप से कार्य किया जा रहा है। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य सफेद चुकंदर से बायो-एथेनॉल उत्पादन की संभावनाओं, उसकी आर्थिक व्यवहार्यता तथा किसानों के लिए अतिरिक्त आय के स्रोत विकसित करना है। साथ ही, गन्ना के साथ शुगरबीट की अंतफसली प्रणाली के माध्यम से एक ही भूमि पर दो फसलों का उत्पादन कर किसानों की आय बढ़ाने की संभावनाओं का अध्ययन किया जा रहा है।

## सार समाचार

### प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं और पार्टी को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभाता है : किरण देव



**विजय मत/रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी आज रायपुर पश्चिम विधानसभा के गुढ़यारी मंडल की प्रशिक्षण शिविर मारुति मंगलम भवन में आयोजित किया गया । प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने किया। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है और जिस राजनीतिक दल का कार्यकर्ता हर क्षेत्र में प्रशिक्षित होता है, वह दल निश्चित रूप से मजबूती से जनता के बीच पहुंच कर जनमत अपने दल के तरफ करने में सक्षम होता है । श्री देव ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ हैं। आप सभी के जमीनी परिश्रम का प्रतिफल है जो हम आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहराने में कामयाब रहते हैं। कार्यकताओं का प्रशिक्षण कार्यकताओं और पार्टी को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभाता है। यहां कार्यकताओं को संगठन से जुड़े अहम कार्यक्रमों का संपूर्ण प्रशिक्षण दिया जाता है। संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने में प्रशिक्षण शिविर का अहम योगदान होता है, साथ ही मंडल में आपसी संतुलन और मजबूत होता है।विधायक राजेश मूणत ने कहा कि भाजपा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर संगठनात्मक मजबूती के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण होता है। यहां गत समय में कार्यकताओं द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की जाती है ।

### उत्कल गौरव मधुसूदन दास की पुण्यतिथि आज पुष्पांजलि कार्यक्रम



**विजय मत/रायपुर।** उत्कल गौरव मधुसूदन दास की पुण्यतिथि दिनांक 4 अप्रैल 2026 शनिवार को प्रातः 11 बजे रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में राजधानी शहर रायपुर के महिला पुलिस थाना चौक के किनारे स्थित उत्कल गौरव मधुसूदन दास के मूर्ति स्थल के समक्ष उन्हें सादर ससम्मान नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। पुष्पांजलि कार्यक्रम में उत्कल गौरव मधुसूदन दास से सम्बंधित उनके मूर्ति स्थल में नियत दिवस को मूर्ति स्थल के प्रांगण का संधारण और मूर्ति स्थल प्रांगण सहित उसके आसपास के क्षेत्र की विशेष सफाई, मूर्ति स्थल की पुष्पसज्जा सहित आवश्यकतानुसार पेयजल की व्यवस्था रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में रायपुर नगर पालिक निगम के सम्बंधित जोन क्रमांक 4 के सहयोग से की जायेगी।

वन विकास निगम ने बीट स्तर पर किया सघन सर्वे, डिजिटल तकनीक का किया उपयोग

# बाघ गणना का कार्य संपन्न, वन विकास निगम ने बीट स्तर पर किया सघन सर्वे

विजय मत/ रायपुर





वन मंत्री केदार कश्यप के निदेर्शानुसार छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के औद्योगिक वृक्षारोपण मंडल, जगदलपुर में अखिल भारतीय बाघ आंकलन 2026 के अंतर्गत फील्ड स्तर का सर्वे कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस दौरान निगम के अमले ने अपने प्रबंधन वाले वन क्षेत्रों में बीट स्तर पर व्यापक सर्वे अभियान चलाया। सर्वे कार्य वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर किया गया। मैदानी कर्मचारियों ने प्रत्येक बीट में ट्रेल और ट्रांसेक्ट सर्वे के माध्यम से वन्यजीवों की उपस्थिति दर्ज की।

लाइन ट्रांसेक्ट सर्वे के तहत निर्धारित लाइनों पर पैदल चलकर शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या, घनत्व और उनके निवास क्षेत्र की गुणवत्ता का आकलन किया गया। ट्रेल सर्वे के अंतर्गत वन क्षेत्रों की पगडंडियों और जलस्रोतों के आसपास बाघ, तेंदुआ सहित अन्य मांसाहारी वन्यजीवों के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष साक्ष्यों का निरीक्षण किया गया। इसमें पगमार्क, मल (स्कैट) और पेड़ों पर खरोंच के निशानों का अध्ययन शामिल रहा। इस पूरे अभियान में आधुनिक डिजिटल तकनीक का उपयोग किया गया। सभी जानकारी को एम-धारियों ऐप के माध्यम से रियल टाइम में दर्ज किया गया, जिससे डेटा की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हुई।

वन विकास निगम के अधिकारियों के अनुसार, औद्योगिक वृक्षारोपण क्षेत्रों में सागौन सहित अन्य प्रजातियों के बीच वन्यजीवों की आवाजाही से जुड़े आंकड़े भविष्य की संरक्षण और प्रबंधन योजनाओं के लिए उपयोगी साबित होंगे। यह सर्वे यह भी दर्शाता है कि वन विकास निगम के अधीन क्षेत्र केवल व्यावसायिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

फील्ड स्तर पर डेटा संग्रहण पूर्ण होने के बाद अब इसे अंतिम विश्लेषण के लिए भेजा जा रहा है। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस बार के आंकलन में जगदलपुर क्षेत्र में वन्यजीवों की संख्या और विविधता में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिला।

**निवास क्षेत्र की गुणवत्ता का आकलन किया**

लाइन ट्रांसेक्ट सर्वे के तहत निर्धारित लाइनों पर पैदल चलकर शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या, घनत्व और उनके निवास क्षेत्र की गुणवत्ता का आकलन किया गया। ट्रेल सर्वे के अंतर्गत वन क्षेत्रों की पगडंडियों और जलस्रोतों के आसपास बाघ, तेंदुआ सहित अन्य मांसाहारी वन्यजीवों के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष साक्ष्यों का निरीक्षण किया गया। इसमें पगमार्क, मल (स्कैट) और पेड़ों पर खरोंच के निशानों का अध्ययन शामिल रहा। इस पूरे अभियान में आधुनिक डिजिटल तकनीक का उपयोग किया गया।

# "नंबर बढ़वाने" के नाम पर फर्जी कॉल से रहें सावधान

## माध्यमिक शिक्षा मंडल की छात्रों को चेतावनी

विजय मत/ रायपुर




माध्यमिक शिक्षा मंडल के संज्ञान में आया है कि कुछ साइबर ठग स्वयं को बोर्ड का अधिकारी या कर्मचारी बताकर परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को फर्जी फोन कॉल कर रहे हैं। ठगी के इस नए अंदाज में जालसाज छात्रों को उनके कम अंक आने या फेल होने का डर दिखाकर, पैसे के बदले 'नंबर बढ़वाने' का झांसा दे रहे हैं।

साइबर अपराधी छात्रों को फोन कर कहते हैं-हेलो, मैं माध्यमिक शिक्षा मंडल से बोल रहा हूँ... आपका रोल नंबर [अमुक] है और आप एक विषय में फेल हो रहे हैं। क्या आपको नंबर बढ़वाने हैं? इसके बाद वे बैंक खाता नंबर या यूपीआई (वढक) के जरिए तुरंत पैसों की मांग करते हैं।

गोपनीयताः बोर्ड की अंकतालिकाएं और मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय होती है। किसी भी बाहरी व्यक्ति द्वारा अंकों में फेरबदल करना असंभव है।कोई आधिकारिक कॉल नहीं: बोर्ड कभी भी किसी छात्र या अभिभावक को अंकों के संबंध में व्यक्तिगत फोन कॉल नहीं करता है और न ही किसी प्रकार के शुल्क की मांग फोन पर की जाती है।अनजान नंबरों से बचें: ऐसे किसी भी फोन कॉल पर विश्वास न करें और अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे रोल नंबर, जन्म तिथि या बैंक विवरण साझा न करें।

यदि आपको ऐसा कोई संदिग्ध कॉल प्राप्त होता है, तो तुरंत अपने जिले के जिला शिक्षा अधिकारी को सूचित करें या नजदीकी पुलिस स्टेशन/साइबर सेल में रिपोर्ट करें। आप भारत सरकार के राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी शिकायत कर सकते हैं।

सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

# शराब से राजस्व बढ़ाने का लक्ष्य भाजपा का असली चरित्र: कांग्रेस

विजय मत/रायपुर



आबकारी मंत्री द्वारा इस वर्ष शराब से राजस्व बढ़ाने के लक्ष्य पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि पांच साल तक शराबबंदी की बात करने वाली भाजपा के लिये अब शराब राजस्व बढ़ाने का साधन बन चुकी है। पिछले वित्तीय वर्ष सरकार ने शराब से 10700 करोड़ रू. कमाया है। आबकारी मंत्री इस वित्तीय वर्ष 13000 करोड़ राजस्व कमाने का लक्ष्य लेकर चल रहे मतलब साफ है सरकार इस साल और शराब की बिक्री बढ़ाने पर जोर देगी। चुनाव में शराब बंदी की बात पर झूठ बोलकर कांग्रेस को कोसने वाली जनता को गुमराह कर वोट लेने वाली भाजपा को जनता सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिये। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भाजपा विपक्ष में थी तब शराब बंदी के लिए बड़ी-बड़ी बात करती थी। शराब बंदी के लिये सरकार ने पिछले 2 साल में एक कदम भी नहीं उठाया। अब शराब की बिक्री बढ़ाने में लगी है। सरकार में आने के बाद शराब की खपत बढ़ाने नीति बना रही 67 नई दुकानें खोल दिए, 700 दुकानें जो पहले से चल रही थी उनको कंपोजिट कर दिया देशी में अंग्रेजी, अंग्रेजी में देशी बेचना शुरू कर दिया, मतलब 1400 काउंटर हो गया। इस वर्ष सरकार 30 और नई दुकाने खोलने की घोषणा कर चुकी है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद अवैध शराब की बिक्री बढ़ गई, दूसरे प्रांतों से शराब तस्करी कर के आ रही, बिना होलोग्राम, नकली होलोग्राम के शराब सरकारी दुकानों से बेची जा रही।

पूरी सरकार शराब की काली कमाई में डूबी हुई है। अवैध शराब बिकवा कर सत्ता में बैठे हुये लोगो अपनी जेंबे भरने का काम

# लोक भवन में भव्यता के साथ मनाया उत्कल दिवस, संस्कृति और सम्मान का अद्भुत संगम

विजय मत/रायपुर




राजधानी रायपुर के लोक भवन में उत्कल दिवस 2026 बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन उड़िया समाज की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर उभरा।

कार्यक्रम का आयोजन रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सर्व उड़िया समाज तथा उत्कल सांस्कृतिक परिषद के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, वहीं राज्यपाल महामहिम श्री रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में, पार्षदगण सहित छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा से आए अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

उत्कल दिवस के इस विशेष अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। ओडिसी नृत्य, संबलपुरी नृत्य, पारंपरिक गीत एवं भजन की प्रस्तुतियों ने लोक भवन को उत्कल संस्कृति के रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभाशाली एवं विशिष्ट व्यक्तियों को राज्यपाल के करकमलों से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह समाज के उत्कृष्ट योगदानकताओं के प्रति सम्मान और प्रेरणा का प्रतीक बना।

उत्कल शिरोमणि डॉ. मधुसूदन दास की स्मृति में स्थापित चौक पर विधायक पुरन्दर मिश्रा द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उत्कल दिवस का यह भव्य आयोजन समाज में एकता, गौरव और सांस्कृतिक समृद्धि का संदेश देने में सफल रहा।

### कुसुम की खेती के प्रति बालोद जिले के किसानों में बढ़ा रूझान

**विजय मत/रायपुर।** सरकार की तिलहन प्रोत्साहन योजनाओं और जिला प्रशासन के नीर चेतना अभियान का सकारात्मक असर अब बालोद के खेतों में दिखने लगा है। कृषि विभाग के कृषक चौपाल और फसल चक्र परिवर्तन के प्रति जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर जिले के किसानों ने पारंपरिक खेती के साथ-साथ तिलहन उत्पादन, विशेषकर कुसुम की खेती की ओर कदम बढ़ाए हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण का परिणाम है कि बालोद जिले में जिस कुसुम की खेती का रकबा पहले शून्य था, वह इस वर्ष बढ़कर 157 हेक्टेयर तक पहुंच गया है। उन्नत बीजों का चयन, कतार पद्धति से बुआई और संतुलित उर्वरक प्रबंधन के कारण वर्तमान में फसल लाभदायक साबित हुआ है।

# भाजपा सरकार में महंगाई बेलगाम, रोजगार खत्म हो गया: सुरेन्द्र वर्मा

विजय मत / रायपुर



बेलगाम हो चुकी महंगाई को भाजपा सरकार निर्मित त्रासदी करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि एक तरफ बेरोजगारी दूसरी ओर बेतहाशा बढ़ती महंगाई की मार से जनता दोनों ओर से पिस रही है। आर्थिक मोर्चे पर यह सरकार पूरी तरह से असफल हो चुकी है। इस सरकार ने देश के 81 करोड़ जनता को यह सरकार गरीब बनकर केवल 5 किलो राशन की लाइन में खड़ा कर दिया है।

भुखमरी इंडेक्स में लगातार पिछड़ते जा रहे हैं, असमानता और गरीबी तेजी से बढ़ रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि आम आदमी की घरेलू बचत ऐतिहासिक तौर पर न्यूनतम स्तर पर आ गई है। खाद्य तेल को 70 रुपए प्रति लीटर तक पहुंचने में 70 साल लग गए थे, लेकिन मोदी राज के चंद दिनों में ही 170 पार हो गया। घरेलू गैस सिलेंडर जो भाजपाइयों को 400 रुपए में महंगा लगाता था, उसे 980 तक पहुंचा दिए। भाजपा सरकारों को जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि मोदी सरकार ने एक बार फिर कमर्शियल गैस के दाम में 195 रू. की बढ़ोतरी कर दिया।

# आत्मसमर्पण से आत्मनिर्भरता: सुकमा में युवाओं को मिली नए जीवन की मजबूत नींव

● कलेक्टर ने लाइवलीहुड कॉलेज में 32 पुनर्वासित युवाओं को मेसन किट वितरण किया

विजय मत/रायपुर



छत्तीसगढ़ शासन की मानवीय, संवेदनशील एवं दूरदर्शी पुनर्वास नीति अब नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बदलाव की नई कहानी लिख रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिला प्रशासन लगातार ऐसे प्रयास कर रहा है, जिससे आत्मसमर्पित माओवादी युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

इसी क्रम में जिला मुख्यालय सुकमा स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में 32 आत्मसमर्पित युवाओं को रोजगारोन्मुख मेसन (राजमिस्त्री) किट प्रदान की गई। कार्यक्रम कलेक्टर अमित कुमार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर ने युवाओं से संवाद कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि पुनर्वास केवल आत्मसमर्पण तक सीमित नहीं है।

हमारा लक्ष्य है कि आप सभी को स्थायी आजीविका, आत्मनिर्भरता और समाज में सम्मान मिले। आज दी जा रही मेसन किट केवल औजार नहीं, बल्कि आपके नए जीवन की मजबूत नींव है। निर्माण कार्यों में रोजगार की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। मेसन किट मिलने से युवाओं को निर्माण कार्यों में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे, जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकेंगे।

**प्रशिक्षण व अनुशासन के साथ अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे**

राजमिस्त्री का कार्य ऐसा कौशल है जिससे आप मेहनत और ईमानदारी के बल पर कुशल कारीगर बनकर आगे चलकर स्वरोजगार, ठेकेदारी और उद्यमिता की ओर भी बढ़ सकते हैं। मुझे विश्वास है कि आप इस अवसर का पूरा लाभ उठाएंगे और प्रशिक्षण व अनुशासन के साथ अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे। इस पहल के माध्यम से जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि पुनर्वास का अर्थ केवल मुख्यधारा में लौटना नहीं, बल्कि आत्मसम्मान के साथ जीवन को नई दिशा देना है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। **संपादक**- सीता शुक्ला। **प्रधान संपादक**- विजय शुक्ला ।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997